दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 259 जयपुर, बुधवार, 28 अगस्त, 2024 I भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-दशमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### प्रदेश के दो शिक्षकों को मिलेगा शिक्षक सम्मान



**जयपुर।** देश में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। दिल्ली में होने वाले इस शिक्षक दिवस कार्यक्रम में शिक्षक सम्मान पुरस्कार दिए जाएंगे। इस बार शिक्षक दिवस पर प्रदेश के दो शिक्षकों को भी दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। इनमें बलजिंदर सिंह बरार राज.उच्च मा.विद्यालय 4 JJ पदमपुर गंगानगर और हुकुम चंद चौधरी राज. उच्च मा.विद्यालय बीएसएफ बीकानेर को सम्मानित किया जाएगा। इन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र और 50 हजार रुपए नकद और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इन्हें 3 को दिल्ली बुलाया है।

### जयपुर में कल से स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस



**जयपुर।** राज्य के शीर्ष पुलिस अफसर यहां आरआईसी में गुरुवार से आयोजित होने वाली दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस में चिंतन-मनन करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे। डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' के विषय पर आयोजित इस विशेष कांफ्रेंस का शुभारम्भ करेंगे। उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और एसीएस (गृह) आनंद कुमार आदि मौजूद रहेंगे।

पेज 02 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## आईसीसी में फिर बढ़ा भारत का दबदबा: भारत ने दिया पांचवां अध्यक्ष

# जयशाह बने आईसीसी के सबसे कम उम्र के चेयरमैन... निर्विरोध निर्वाचन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह आईसीसी के नए बॉस बन गए हैं। उन्हें निर्विरोध चुना गया है। वह ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म होने जा रहा है। बर्कले ने हाल ही में चेयरमैन पद की रेस से खुद को अलग कर लिया था। 35 वर्षीय शाह एक दिसंबर को कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने इतिहास रच दिया है। वह आईसीसी के सबसे कम उम्र के चेयरमैन हैं। भारत का एक बार फिर आईसीसी में दबदबा बढ़ा है। शाह आईसीसी चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय हैं। उनसे पहले जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी के बॉस रह चुके हैं।

**1 दिसंबर से संभालेंगे यह जिम्मेदारी**



### 16 में से 15 सदस्यों का था समर्थन

माना जा रहा था कि शाह को आईसीसी बोर्ड के 16 में से 15 सदस्यों का समर्थन प्राप्त था। मंगलवार (27 अगस्त) को चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। आईसीसी चेयरमैन दो-दो साल के तीन कार्यकाल के लिए पात्र होता है और न्यूजीलैंड के बार्कले ने अब तक चार साल पूरे कर लिए हैं।

### छोड़ना पड़ेगा बीसीसीआई सचिव पद

आईसीसी के नियमों के अनुसार चेयरमैन के चुनाव में 17 वोट होते हैं और विजेता के लिए 9 मत का साधारण बहुमत (51%) आवश्यक है। इससे पहले चेयरमैन बनने के लिए निवर्तमान के पास दो-तिहाई बहुमत होना आवश्यक था। शाह आईसीसी बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक रहे हैं। वे फिलहाल आईसीसी की शक्तिशाली वित्त और वाणिज्यिक मामलों की उप समिति के प्रमुख हैं। वह 2022 में इस उप समिति के अध्यक्ष बने थे। शाह को अब बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा जिस पर वह 2019 से काबिज हैं। बोर्ड की आमसभा की बैठक अगले महीने या अक्टूबर में होगी।

### क्रिकेट को दिलाएंगे ग्लोबल पहचान

आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद जय शाह का पहला रिएक्शन आया है। उन्होंने अपने बयान में अगले ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने को लेकर भी बात की. उन्होंने कहा कि ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना बड़ी उपलब्धि है। इसकी मदद से क्रिकेट को ग्लोबल पहचान दिलाएंगे।

### शाह के पास BCCI के 4 साल बचेंगे

वर्तमान में बीसीसीआई सचिव के रूप में शाह का एक साल का कार्यकाल बचा है। बीसीसीआई में वापसी के लिए अनिवार्य तीन साल का 'कूलिंग ऑफ पीरियड' शाह के लिए अक्टूबर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद शुरू होगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित बीसीसीआई के संविधान के अनुसार कोई पदाधिकारी तीन साल की कूलिंग ऑफ अवधि से पहले छह साल तक पद पर रह सकता है। कुल मिलाकर कोई व्यक्ति कुल 18 वर्ष तक पद पर रह सकता है - राज्य संघ में नौ और बीसीसीआई में नौ वर्ष। आईसीसी में जाने के बाद शाह के पास बीसीसीआई में चार साल बाकी हैं।

## हेडकांस्टेबल आत्महत्या का मामला... बनी सहमति परिजनों ने लिया शव

# एडिशनल डीसीपी और एसीपी को किया एपीओ और एसआई सस्पेंड

- एडीजी दिनेश एमएन के नेतृत्व में बनाई एसआईटी
- मृतक के बेटे को अनुकंपा नियुक्ति और बेटी को संविदा पर नौकरी देने की शर्त पर बनी सहमति

**बेधड़क** | जयपुर

भांकरोटा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा के आत्महत्या के मामले में परिजनों द्वारा पिछले एक सप्ताह से दिए रहे धरने के बाद एडिशनल डीसीपी जगदीश व्यास और एसीपी अनिल शर्मा को एपीओ कर दिया गया है। वहीं, एसआई आशुतोष को सस्पेंड कर दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सरकार व परिजनों के बीच तय की गई शर्तों पर सहमति बनने के बाद पुलिस ने मृतक मृतक हेड कांस्टेबल बाबूलाल के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। इससे पहले मंगलवार सुबह बाबूलाल की पत्नी, उनका बेटा और समाज के लोग सचिवालय पहुंचे। यहां एसीएस होम, डीजीपी राजस्थान सहित कई अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई। परिवार की ओर से दी गई शर्तों को सरकार ने मान लिया हैं।

### ऐसे बनी सहमति

मृतक के परिजनों व समाज ने सरकार के समक्ष सात शर्तें रखी थी। मानी गई शर्तों के अनुसार प्रकरण के अनुसंधान के लिए एक एसआईटी टीम एडीजी दिनेश एमएन के नेतृत्व में गठित कर दी गई। वहीं, स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग की प्रक्रिया आज ही शुरू कर एक महीने में पूर्ण कर ली जाएगी। बाबूलाल बैरवा के सेवा परिलाभ जो लगभग 55 लाख रुपए है। पेंशन आदि की कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी गई। बाबूलाल के बेटे तनुज गोठवाल को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी, जबकि बेटी को जयपुर में ही संविदा पर शीघ्र ही नियुक्ति दी जाएगी। बेटी साक्षी गोठवाल को पुलिस परिवार के द्वारा गोद लिया जाएगा। इनकी शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी पुलिस विभाग द्वारा वहन की जाएगी।




### सात सदस्यीय एसआईटी का गठन

पुलिस मुख्यालय ने इस घटना और इससे संबंधित अन्य प्रकरणों के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के लिए एडीजी दिनेश एमएन के नेतृत्व में सीआईडी-सीबी से 7 सदस्यीय एसआईटी गठित की है। डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने मंगलवार को इसके आदेश जारी किए। इसमें सीआईडी क्राइम ब्रांच के महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद कृष्णिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोहन राजा, सीमा भारती, डीएसपी अशोक कुमार, पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम महरिया एवं उप निरीक्षक विनोद कुमार मीणा को एसआईटी में शामिल किया गया है।

### यह है मामला



दरअसल, 20 अगस्त को भांकरोटा थाने के मालखाने के इंचार्ज हेड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा ने परिवार, भांकरोटा थाना और अधिकारियों के वॉट्सएप ग्रुप में सुसाइड नोट शेयर किया था। इसके बाद बाबूलाल की तलाश शुरू की गई थी। पता चला कि वह मुकुंदपुरा चौकी पर था। यहां शव फंदे से लटका मिला था। मृतक के पास 6 पेज का एक सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में एएसपी जगदीश व्यास, एसीपी अनिल शर्मा, एसआई आशुतोष व पत्रकार कमल देगड़ा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

## उधर, प्रतापगढ़ करप्शन केस- SP को किया निलंबित

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

प्रदेश की भजनलाल शर्मा एक्शन में है। सरकार ने प्रतापगढ़ के एसपी लक्ष्मण दास को निलंबित कर दिया है। दरअसल, प्रतापगढ़ जिले में सोमवार को एक पुलिस इंस्पेक्टर 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रेप हुआ था। अरनोद थाना प्रभारी रहे सुरेंद्र सिंह सोलंकी को एसीबी की टीम ने रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। सोलंकी के साथ एक दलाल गुड्डू लाल उर्फ कांतिलाल प्रजापत भी गिरफ्तार हुआ था। इंस्पेक्टर के ट्रेप होने के मामले में प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक पर भी गाज गिरी है। राज्य सरकार ने प्रतापगढ़ के एसपी लक्ष्मणदास को एपीओ कर दिया गया है। चूरू के रहने वाले लक्ष्मण दास हाल ही आरपीएस से प्रमोट होकर आईपीएस बने हैं। एसपी के तौर प्रतापगढ़ में उनकी पहली पोस्टिंग थी। एसीबी के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के मुताबिक सोमवार को अरनोद थाने के एसएचओ सुरेंद्र सिंह को 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एसएचओ सुरेंद्र सिंह एनडीपीएस एक्ट यानी नशीले पदार्थों की तस्करी के केस में फंसाना चाहता है। इस केस में फंसने से बचने के लिए 8 लाख रुपए की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहा है। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया। शिकायत सही पाए जाने के बाद दलाल गुड्डू और अरनोद एसएचओ सुरेंद्र सोलंकी को एसीबी ने ट्रैप कर लिया था।

# मुख्यमंत्री ने किया श्रीगोविंददेवजी की शोभायात्रा का शुभारंभ



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर स्थित गोविंददेवजी मंदिर में भगवान श्रीगोविंददेवजी की शोभायात्रा का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचने पर गोविंददेव जी महंत अंजन कुमार गोस्वामी एवं मानस गोस्वामी ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ शोभायात्रा के रथ में विराजमान श्रीगोविंददेवजी एवं राधा जी की पूजा अर्चना एवं आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया।

शर्मा ने मंदिर परिसर में गोविंददेवजी और राधाजी की मुख्य प्रतिमाओं का भी पूजन किया और प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की।

## एसेंस मिले वनस्पति तेल को बताते देशी घी

# नकली घी बनाने की फैक्टी पकड़ी, 1000 किलो घी जब्त

**बेधड़क** | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री के निर्देशों पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रदेशभर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने मंगलवार को जयसिंहपुरा खोर इलाके में छापा मारकर नकली देशी घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर दिल्ली रोड स्थित अफजल विहार कॉलोनी में पुलिस की मदद से एक मकान पर छापा मारा गया। यहां मोहम्मद अनीस नाम के व्यक्ति द्वारा मकान में भट्टियां लगा वनस्पति तेलों में एसेंस मिलकर विभिन्न ब्रांड का देशी घी बनाया जा रहा था। मौके पर ढेर सारा पैकिंग मटेरियल और पैकिंग की मशीनें मिलीं। सरस, महान, कृष्णा, लोटस आदि ब्रांड के पाउच में और पैकिंग में तैयार किया जा रहा था।

नकली घी में तेज बदबू आ रही थी, जिसे बाजार में असली घी के दामों में खपाया जा रहा था। पूछताछ करने पर अनीस ने बताया की दिल्ली से पैकिंग मटेरियल लाता हैऔर नकली घी पैक कर सप्लाई करता है।

## शीर्ष अदालत का बड़ा फैसला

# भ्रामक विज्ञापनों पर कहा, 'जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं...'

- पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित मामले में कही यह बात
- केंद्र बताए क्या किया है अब तक
- आईएमए को भी कहा-अंगुली उठाने पर चार अंगुलियां आपकी तरफ

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में मंगलवार को कहा कि 'हम जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दे सकते।' इसके साथ ही न्यायालय ने केंद्र एवं राज्य के लाइसेंस अधिकारियों को भ्रामक विज्ञापनों से निपटने के लिए खुद को 'तैयार' होने के लिए कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय ने आयुष मंत्रालय के अगस्त 2023 के पत्र को लेकर केंद्र से भी सवाल किया, जिसमें लाइसेंस अधिकारियों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई शुरू नहीं करने को कहा गया था। न्यायालय ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों द्वारा अत्यधिक महंगी दवाइयां लिखने के लिए उसकी भी खिंचाई की।



### पीठ ने यह भी कहा

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि कई अन्य कंपनियां (एफएमसीजी) भी इस रास्ते पर जा रही हैं और केंद्र को इस बारे में जवाब देना होगा कि उसने क्या किया है। पीठ ने कहा कि हम जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं सकते। अगर यह (भ्रामक विज्ञापन) हो रहा है, तो भारत सरकार को खुद को सक्रिय करने की जरूरत है और राज्य के लाइसेंस अधिकारियों को भी ऐसा करना होगा।'

### आईएमए राज्य प्राधिकरण के बहाने से कंधे न उचकाए

पीठ ने याचिकाकर्ता आईएमए के वकील से कहा कि जब एसोसिएशन पतंजलि की ओर उंगली उठा रहा है तो 'अन्य चार उंगलियां आप (आईएमए) पर भी उठ रही हैं।' पीठ ने कहा कि आप सिर्फ अपने कंधे उचकाकर यह नहीं कह सकते कि मैंने राज्य के प्राधिकरण को शिकायत से अवगत करा दिया है और अब यह उनका काम है। उसने कहा कि यह सब सिर्फ एफएमसीजी के होने के कारण नहीं हो रहा है। आप और आपके सदस्य हैं जो सिफारिशों के आधार पर दवाएं लिख रहे हैं... अगर ऐसा हो रहा है, तो हमें आपकी ओर ध्यान क्यों नहीं देना चाहिए?

**2022 में दायर हुई याचिका:** योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा, 'मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। पीठ ने कहा कि हम आवेदन के समय को लेकर बहुत उत्सुक हैं।" उसने कहा कि जब आवेदक अदालत के समक्ष उपस्थित होंगे तो वह आवेदन पर विचार करेगी। मामले में अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

## जरूरी खबर

### डिप्टी सीएम ने की राज्यपाल बागडे से मुलाकात



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### 'राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं'



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को पर्यटन भवन में आयोजित राजस्थान पर्यटन विकास निगम की कार्य योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने के संकल्प को पूर्ण करने में राजस्थान पर्यटन विकास निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी को लाभ की स्थिति में लाने तथा अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी कार्य योजना बनाकर काम करें तथा अधिकारी ज्यादा से ज्यादा फिल्ड में रहकर निरंतर बेहतर प्रदर्शन करें।

### सीएम से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**जयपुर।** आगामी 9-11 दिसंबर, 2024 तक आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' इंवेस्टमेंट समिट के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापान से आए विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में वाफुकु हॉस्पिटल एवं होम केयर ग्रुप, टोक्यो के चेयरमेन डॉ. नोबुहिको इशिदा, फुमिताका इशिवाता, शिंजी फुनामोरी, केनिची तकाशिमा, कैप्टन रामजी शर्मा और नील कंडिरा शामिल थे। बैठक के दौरान राजस्थान व जापान के बीच संबंधों को मजबूत बनाने तथा विभिन्न प्रकार के निवेशों व मानव संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसे अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए निर्देश

# एक सितंबर से ठीक होने लगेंगी बरसात में टूटी हुई सड़कें

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में बरसात से खराब हुई सड़कों को ठीक करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 1 सितंबर से 25 अक्टूबर तक रोड मेंटेनेंस कैंपेन चलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कैंपेन के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया कि कैंपेन के दौरान सड़क मरम्मत कार्यों के साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त विभाग के स्तर पर लेबर के माध्यम से सड़क किनारे पेड़-पौधों की साफ-सफाई, व्हाइटवॉश, पेड़ों पर पेंटिंग आदि कार्य करवाए जाएंगे। गड्ढों की मरम्मत कर उनकी गुणवत्ता का निरीक्षण संबंधित अधीक्षण अभियंता और अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वारा किया जाएगा।



### करनी होगी फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी

ठेकेदारों को काम शुरू करने से पहले और काम पूरा होने के बाद सड़क की डिजिटल फोटो और वीडियोग्राफी करवानी होगी। ठेकेदार द्वारा पैचिंग से पहले पैच की मार्किंग और नंबरिंग करवाना अनिवार्य है। गारंटी अवधि की सड़कों का रख रखाव न करने वाले ठेकेदारों को एक अगस्त से नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिनका कार्य एक सितंबर से शुरू कर 5 अक्टूबर तक पूरा करना है। इस दौरान मूल ठेकेदार द्वारा नोटिस का उचित जवाब नहीं दिया जाता है तो मूल अनुबंध की दर पर उक्त काम किसी अन्य एजेंसी से करवाया जाएगा। गारंटी अवधि की सड़कों की मरम्मत उसी गुणवत्ता और सामग्री से की जानी है,जो निर्माण के दौरान उपयोग में लायी गई है। अधिशासी अभियंता कोल्ड्रिंक सामग्री से पेच मरम्मत की अनुमति दे सकते हैं। गहरे गड्ढों की मरम्मत केवल wbm/wmm द्वारा करनी होगी। इस कैंपेन के दौरान सड़क सुरक्षा कार्य जैसे किलोमीटर स्टोंस पर पेंटिंग,रोड साइनेज,स्पीड ब्रेकर मार्किंग आदि का कार्य भी किया जाएगा।

### कैंपेन के दौरान ये होंगे प्रमुख काम

बारिश के दौरान जहां सड़कें टूट गई है, वहाँ सड़कें दुरुस्त कर यातायात को तुरंत बहाल किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में भारी बारिश/बाढ़ के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है, उनको आपदा राहत कोष से ठीक करवाने के प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर को भिजवाए जाएंगे। जेईएन और एईएन द्वारा सड़कों के गड्ढों/पैच का प्रारंभिक स्थिति निरीक्षण किया जाएगा। पैच मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारी अभियंता उपखंड या निर्धारित क्षेत्र के लिए 30 अगस्त तक दर अनुबंध करेंगे। पेच मरम्मत का कार्य एक सितंबर से शुरू किया जाएगा जो कि हर हाल में 25 अक्टूबर तक पूरा करना होगा।

## क्राइम कंट्रोल के लिए भजनलाल सरकार ने कसी कमर

# DGP-IG मीट की तर्ज पर अब स्टेट पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस

■ आरआईसी में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस कल से




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में क्राइम कंट्रोल के लिए राज्य की भजनलाल सरकार ने कमर कस ली है। आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने और आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए राज्य पुलिस विशेष कार्य योजना तैयार कर रही है। 29 अगस्त से प्रदेश में दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी यूआर साहू सहित तमाम अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक और कई जिलों के एसपी के साथ दोनों पुलिस आयुक्तालयों के आयुक्त हिस्सा लेंगे। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। यह कॉन्फ्रेंस जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगी।

दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस में चिंतन-मनन करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया जयपुर में इस साल की शुरुआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुए राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी-आईजी सम्मेलन में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' के विषय पर आयोजित इस विशेष कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ करेंगे।

उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।



### पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' पर होंगे 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' सेशन

डीजीपी साहू ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केंद्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग-अलग सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों में राज्य के एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी आनॅलाइन और ऑफलाइन मोड में 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे।

### बेहतर पुलिसिंग का करेंगे रोडमैप तैयार

डीजीपी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में न्यू क्रिमिनल लॉज, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, मादक पदार्थों की तस्करी और रोकथाम, साइबर सिक्योरिटी, क्राइम कंट्रोल, परीक्षाओं में नकल पर लगाम, महिला अपराध, बच्चों और कमजोर तबके के लोगों के विरुद्ध अपराध पर नियंत्रण, रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा।

## BJP प्रदेशाध्यक्ष पार्टी पदाधिकारियों से की मुलाकात

# मदन राठौड़ का बाली में भव्य स्वागत



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को बाली में पहुंचकर पार्टी के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व विधायक अमृत परमार के आवास पर पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और परमार व परिवारजनों ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को साफा पहनाकर स्वागत किया। मदन राठौड़ ने संघ के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी प्रेम माथुर से मुलाकात की एवं क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण व संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा की।

## अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न

# पारस चंद जैन राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित



**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आदिनाथ शिक्षण संस्थान, अलवर में संपन्न हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में साधारण सभा, प्रतिनिधि सम्मेलन, विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन के आयोजन के साथ ही प्रशासनिक सेवा में चयनित युवाओं एवं प्रतिभावान मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया।

समारोह में आयोजित साधारण सभा अधिवेशन एवं प्रतिनिधि सम्मेलन में उपस्थित लगभग दो हजार प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पारस चंद जैन, खेरली को राष्ट्रीय महामंत्री, गिरीश जैन, पूर्व मंत्री, जयपुर शाखा को राष्ट्रीय सहमंत्री एवं सुरेंद्र कुमार जैन 'घोसराना' को राष्ट्रीय संगठन मंत्री निर्वाचित किया गया।

समारोह में आईआरएस धीरज जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, कोषाध्यक्ष भागचंद जैन, कार्यकारिणी सदस्य, साधारण सभा के सदस्य एवं प्रतिनिधि सम्मेलन के सदस्यों की उपस्थिति में आईएएस मुकुल जैन द्वारा पारस चंद जैन को राष्ट्रीय महामंत्री पद की शपथ दिलवाई गई।

# 845 चिकित्सकों को मिली पदोन्नति

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की पहल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर 845 चिकित्सकों को पदोन्नति की गई है। इन चिकित्सकों की पदोन्नति विभिन्न कारणों से लंबित थी। चिकित्सा मंत्री ने पदोन्नत सभी चिकित्सकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण की दिशा में प्रतिबद्धता से निर्णय ले रही है। हमारा प्रयास है कि विभाग में कार्मिकों की पदोन्नति समय पर हो और उन्हें नियमानुसार सभी लाभ समय पर मिलें। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि शासन सचिवालय में मंगलवार को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में काफी समय से लंबित प्रकरणों पर विचार किया गया। पात्रता पूर्ण करने वाले 845 चिकित्सकों को पदोन्नति देने की अनुशंसा की गई।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद पर 581 चिकित्सकों को, चिकित्सा अधिकारी दंत से कनिष्ठ विशेषज्ञ दंत के पद पर 12, कनिष्ठ विशेषज्ञ के पद से वरिष्ठ विशेषज्ञ के पद पर 86, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी से उप निदेशक के पद पर 119, उप निदेशक के पद से प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के पद पर 30 और वरिष्ठ विशेषज्ञ के पद से प्रमुख विशेषज्ञ के पद पर 17 चिकित्सकों को पदोन्नति प्रदान की गई है। आरपीएससी की सदस्य संगीता आर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने ली शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक

# पिछड़े क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां स्तरीय विद्यालय खोले जाएं: बागडे

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य में जमीनी स्तर पर प्रयास होने चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में पहली कक्षा से चरित्र निर्माण और संस्कारी नागरिक बनाने की शिक्षा देने पर जोर दिया।

उन्होंने पिछड़े क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां पर राजकीय ही नहीं, निजी क्षेत्र में भी स्तरीय विद्यालय खोले जाने को प्रोत्साहित किए जाने की नीति पर कार्य किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता राज्य के गांव गरीब के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए। उन्होंने घुमंतू परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र को सहयोग के लिए प्रेरित किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने विद्यालयों में चरित्र निर्माण, संस्कार, देशभक्ति की शिक्षा और नैतिक मूल्य के पाठ भी विशेष रूप से सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल बागडे मंगलवार को राजभवन में शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्कूलों में खेल मैदान निर्माण, बाउंड्री, सौर ऊर्जा, वृक्षारोपण आदि के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने का आह्वान किया।



राज्यपाल ने प्रारंभिक, माध्यमिक शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, साक्षरता और सतत शिक्षा, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल आदि के अंतर्गत राज्य में शिक्षा प्रसार के लिए हो रहे कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए राजस्थान को शिक्षा क्षेत्र में देशभर में अग्रणी किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने संस्कार शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, ग्रीन स्कूल, स्मार्ट विद्यालय आदि के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए और प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया।

### चरित्र और संस्कार निर्माण पर विशेष फोकस: दिलावर

बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में संस्कार शिक्षा को राज्य में प्राथमिकता देते हुए प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश गुणवत्ता शिक्षा में निरंतर विकास करे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में राज्य में किए जाने वाले विशेष प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने विभाग से जुड़ी योजनाओं और कार्यों के बारे में विषय प्रवर्तन किया। बैठक में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी राज कुमार सागर, शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुणाल, विशिष्ट सचिव विशू शर्मा, सर्व शिक्षा अभियान के निदेशक श्री अविचल चतुर्वेदी, साक्षरता और सतत शिक्षा निदेशक मेघराज रतनू, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों की दिनचर्या में योग व व्यायाम शामिल करने के निर्देश

राज्यपाल ने कहा कि विद्यालयों में सूर्य नमस्कार बहुत उपयोगी है। इसके लिए विद्यार्थियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राएं, सूर्य के विभिन्न नाम और सूर्य नमस्कार से विद्यार्थी के जीवन में होने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में निरंतर बताया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों की दिनचर्या में योग और व्यायाम सम्मिलित किए जाने पर भी जोर दिया। बागडे ने शिक्षकों के प्रबोधन के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को समयानुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रभावी व्यवस्था हो। इसके लिए उन्होंने जिलेवार नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप कौशल विकास से विद्यार्थियों को जोड़ने आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
# निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR ESTD. 2017

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956



# ADMISSIONS OPEN 2024-25

## REGISTER NOW

- B.Com, M.Com
- BCA, MCA
- BDS, MDS
- B.Tech., M.Tech.
- B.Sc., M.Sc.
- BA, MA
- D.MLT, B.MLT
- B.Pharm, D.Pharm
- Yoga
- BPT, MPT
- B.Sc. Nursing
- LL.B., LL.M.
- B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI

## SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

### INNOVATION CULTURE

**Inculcate the Spirit of Innovation:** Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress

### BEST FACULTY

**Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty:** Empowering Minds and Shaping Futures

### TOP PLACEMENT

Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way

### GLOBAL TIE-UPS

Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships

idp · NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY · sas

**25+** STATES

**20000+** STUDENTS' NETWORK

**25 Yrs'** OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

# MORE INFORMATION: +91 9289800300

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

**जरूरी खबर**

## कार से युवती के चिल्लाने पर पुलिस की हुई परेड



**चाकसू।** हाईवे पर चलती कार से युवती के चिल्लाने पर आरटीओ उड़नदस्ते ने कार से पीछा किया, जब कार नहीं रुकी तो उड़नदस्ते पर तैनात निरीक्षक की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कार को रुकवाकर युवती को दस्तयाब किया, लेकिन पूछताछ में युवती-युवक आपस में दोस्त निकले, जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली। कार से जयपुर से सवाई माधोपुर जा रहे थे। इसी दौरान युवक-युवती के बीच आपस में कहासुनी हो गई थी।

## कड़ी सुरक्षा के बीच आसाराम मुंबई हुआ रवाना

**जोधपुर।** नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोप में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम मंगलवार को उपचार के लिए मुंबई रवाना हो गया। हाई कोर्ट के आदेशानुसार हवाई मार्ग से उसे भेजा गया है। इसके लिए पूरी चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम किए गए। आसाराम को जेल से एंबुलेंस से एयरपोर्ट लाया गया। एयरपोर्ट पर एंबुलेंस से ही उसे एक विशेष वाहन में शिफ्ट किया गया। इस दौरान उसके कई साधक उसकी एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे, लेकिन पुलिस ने किसी को नजदीक नहीं जाने दिया। सुरक्षा के लिए रातानाडा और एयरपोर्ट थाना पुलिस का जाप्ता तैनात किया गया था।

## बिना सुरक्षा उपकरण ही काम कर रहे बिजलीकर्मी



**नावां सिटी।** मुख्यालय स्थित ग्राम डाबसी हाईवे के खेतों में 33 केवी विद्युत लाइन का तार खड़ी फसल पर जा गिरा। सूचना पर बिजली सप्लाई बंद कराई गई। डिस्काम के अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके पास सेफ्टी उपकरण नहीं थे। कर्मचारी भी नंगे पैर ही पोल पर चढ़ गया और बिजली लाइन को ठीक करने लगा, जबकि नियमानुसार इन कर्मचारियों को रबर के दस्ताने, प्लास, पेंचकस, टेस्टर, झूला, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, जूता अनिवार्य है। सुरक्षा के बिना ही 30 से 40 फीट ऊंचाई पर काम करने वाले कर्मचारी बिना सेफ्टी बेल्ट के काम करते हैं इनके लिए सुरक्षा किट समेत अन्य सुविधाएं दिए जाने का दावा महज कागजों तक ही सीमित है।

### जयपुर, जयपुर ग्रामीण, सीकर, दूदू और नीम का थाना जिलों के लिए होगी यह रैली

# दो सितंबर से सीकर में शुरू होगी तीसरी सेना भर्ती रैली

**बेधड़क** | जयपुर

सीकर जिला मुख्यालय के सांवली मार्ग स्थित स्टेडियम में 2 से 11 सितंबर तक राजस्थान की तीसरी सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली जयपुर, जयपुर ग्रामीण, सीकर, दूदू और नीम का थाना जिलों के लिए होगी।

जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंस/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं पास) श्रेणियों के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2024 में शामिल हुए पांच हजार से अधिक अभ्यर्थियों को काल अप जारी किया गया है। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, राजस्थान, मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान और सीकर के नागरिक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही भर्ती रैली के अलावा, सिपाही फार्म, सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायता की क्षेत्रीय श्रेणी की भर्ती रैली 10 सितंबर को और धार्मिक शिक्षक जेसीओ की केंद्रीय श्रेणी की भर्ती रैली 11 सितम्बर को निर्धारित है। इन श्रेणियों के लिए दो सौ से अधिक अभ्यर्थियों को काल अप जारी किया गया है।



### भरतपुर में सेना भर्ती रैली संपन्न

सेना भर्ती कार्यालय अलवर द्वारा छह जिलों के लिए सेना भर्ती रैली 19 से 26 अगस्त तक लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में हुई। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी दलालों और बेईमान तत्वों के झांसे में न आएं, यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े दलाल विरोधी उपाय लागू किए गए। भर्ती रैली में ड्रग टेस्ट भी आयोजित किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षण में प्रदर्शन बढ़ाने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग न करें। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, जयपुर ने विश्वास व्यक्त किया है कि इससे आने वाले वर्षों में भारतीय सेना में भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की भागीदारी और सफलता में वृद्धि होगी।

### दलालों के जाल में नहीं फंसे अभ्यर्थी

जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वह दलाली गतिविधियों का शिकार न बनें या फर्जी प्रवेश का सहारा न लें। उन्होंने रैलियों में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे दलालों के जाल में न फंसें तथा सफलता के लिए उत्साह के साथ रैलियों में भाग लेने के लिए अपनी स्वयं की तैयारी पर विश्वास रखें। साथ ही यह भी सलाह दी है कि उम्मीदवारों को अपनी योग्यता दस्तावेज सिविल प्रशिक्षण अकादमियों या दलालों को नहीं सौंपने चाहिए और केवल मांगें जाने पर ही भर्ती कर्मचारियों को दस्तावेज सौंपने चाहिए। विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट देखें या भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) जयपुर से संपर्क करें।

### रामगंज मंडी में शांति बहाल... शिवलिंग तोड़ने वाला अरेस्ट

# शिवलिंग खंडित करने को लेकर हंगामा...लोगों ने लगाया जाम

**बेधड़क** | कोटा

जिले के रामगंजमंडी कस्बे में सरकारी कुआं चौराहा स्थित शिवलिंग तोड़ने के मामले में पुलिस ने चंद घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीरू गोस्वामी नाम का यह व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है और अपनी पत्नी से अलग रहता है। बताया जा रहा है कि वह नशे का भी आदी है। इस घटना के बाद हिंदू संगठनों ने पुलिस थाने पर प्रदर्शन किया, लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया।

कोटा में उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब एक चबूतरे से शिवलिंग को उठाकर दूसरी जगह फेंक दिया गया। मामला कोटा जिले के रामगंजमंडी कस्बे का है। यहां सरकारी कुआं चैराहे पर स्थित एक चबूतरे से शिवलिंग को उठाकर 500 मीटर दूर फेंक दिया गया।

जमीन पर पड़े शिवलिंग को देखकर हिंदूवादी संगठन के लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने तुरंत बाजार बंद करसते हुए रास्ता जाम कर दिया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग धरने पर बैठ गए। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही तेजी से पड़ताल की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो हिंदू ही है। वह मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। कोटा ग्रामीण के एसपी करण शर्मा ने बताया कि चौराहे पर एक चबूतरा बना हुआ है। यहां पर एक शिवलिंग रखा हुआ था, जिसको एक व्यक्ति ने दो मार्केट आगे जाकर जैन मंदिर के नजदीक रख दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार से पीरु गोस्वामी नाम के एक शख्स को चिह्नित किया और उसको डिटेन कर लिया गया है।





### हिंदू संगठनों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

बजरंग दल के नेता ओम मीणा ने बताया कि कस्बे के शिव मंदिर में शिवलिंग को उठाकर एक अन्य मंदिर के नजदीक फेंक दिया गया। इस मामले में हिंदू संगठनों ने प्रशासन को 2 घंटे का समय दिया। दूसरी तरफ हिंदू संगठनों ने सरकारी कुआं चौराहे पर ही जाम लगा दिया। उन्हें आशंका थी कि असामाजिक तत्वों ने सांप्रदायिक साजिश के तहत ऐसा किया है। हालांकि, आरोपी को पकड़ लिए जाने के बाद भी लोग सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। हिंदू संगठनों से जुड़े संदीप गुप्ता ने बताया कि इस मामले में रामगंजमंडी नगर पालिका की लापरवाही भी सामने आ रही है। पालिका की तरफ से कस्बे में जो सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं उनमें अधिक कैमरे खराब है।

### 4 साल के अनाथ बच्चे को लिया गोद

# औलाद की चाहत में 12000 KM दूर स्पेन से अजमेर आई 'मां'



**बेधड़क** | अजमेर

कहते हैं औलाद की चाहत में इंसान क्या से क्या नहीं कर लेता। संतान की चाहत में वो दुनिया की सारी सीमाएं फांद सकता है। ऐसे ही कुछ हुआ अजमेर शहर में, जहां एक 4 साल के अनाथ बच्चे को मां का सहारा मिल गया और यह मिला 7 समुंदर पार रहने वाली स्पेन की एक महिला से, जिसने सरकारी साइट सेंट्रल एडाप्शन रिसोर्स अथॉरिटी (कारा) के माध्यम से 4 साल के बच्चे को गोद ले लिया है। अब यह बच्चा अपनी नई मां के साथ स्पेन जाएगा। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक संजय सावलानी ने बताया कि स्पेन की रहने वाली एक महिला ने सरकारी साइट के माध्यम से बच्चे को गोद लेने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, इसके बाद उन्हें बच्चा गोद दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस साइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद 3 साल की वेटिंग रहती है, जिसमें होम स्टडी, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बच्चे की कस्टडी सौंपी जाती है। बच्चे को सौंपने के लिए विधिक अनुमति लेनी पड़ती है। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने जनता से अपील की है कि दत्तक ग्रहण कारा के माध्यम से ही करे, अन्य किसी भ्रामक साइट्स व विज्ञापनों से बचें, ऐसे किसी व्यक्ति के झांसे ना आए।

### जोधपुर फिर शर्मसार: दो आरोपी डिटेन


# MGH अस्पताल में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

डीसीपी राजर्षि वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान एमजीएच के ठेकाकर्मी के रूप में हुई है। दोनों को बापर्दा हिरासत में लिया गया है। 164 के बयान के बाद दोनों की गिरफ्तारी होगी। इससे पहले अस्पताल के अधीक्षक डॉ. फतेहसिंह भाटी ने दोनों आरोपियों के अस्पताल में काम नहीं करने की बात कही थी, लेकिन पुलिस ने इसका खंडन किया है। डीसीपी ने कहा कि पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है, उसकी डिटेल रिपोर्ट अभी आनी है। घटना 25 अगस्त देर रात की है, जब पूरे शहर में पुलिस हाई अलर्ट पर थी। डीसीपी राजर्षि वर्मा ने बताया कि बालिका की सूरसागर थाने में 25 अगस्त की शाम को गुमशुदगी की रिपोर्ट की दर्ज हुई थी।

पुलिस को 26 अगस्त को बालिका की जानकारी मिली। इसके बाद उसके परिजनों को सूचित किया गया। तब पीड़िता ने आपबीती अपने परिजनों को बताई।



### भिवाड़ी ज्वेलर की हत्या-लूट मामला: दिल्ली पुलिस में SI चाचा ने दिया था इनपुट

# आरोपी सात दिन की पुलिस रिमांड पर

**बेधड़क** | अलवर

अलवर जिले के भिवाड़ी में ज्वेलरी शोरूम में डकैती करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भिवाड़ी पुलिस ने ज्वेलर की गोली मारकर हत्या कर गहने लूटने के मामले में बीती रात आरोपी प्रीत उर्फ गोलू (19) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

भिवाड़ी पुलिस ने बादली (दिल्ली) के रहने वाले प्रीत उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। घटना के बाद से आरोपी प्रीत दिल्ली में छिपा हुआ था। सोमवार शाम करीब 7 बजे पुलिस उसे वहीं से पकड़ कर भिवाड़ी लाई थी। बदमाश को पकड़ने में उसके चाचा ने ही सहयोग किया। चाचा दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर है और फोटो सर्कुलेट होने के बाद भिवाड़ी पुलिस को बदमाश की सूचना दी थी।



### आरोपियों की तालाश में हरियाणा में दबिश दे रही पुलिस

बदमाशों की तलाश में पुलिस हरियाणा-दिल्ली में दबिश दे रही है। गौरतलब है कि 23 अगस्त की रात 7:30 बजे वारदात खैरथल-तिजारा के सेंट्रल मार्केट में कमलेश ज्वेलर्स में वारदात हुई थी। 5 बदमाशों ने शोरूम मालिक जयसिंह, उसके भाई मधुसूदन, बेटे वैभव से मारपीट की थी। जयसिंह और मधुसूदन को गोली मार दी थी। इलाज के दौरान जयसिंह की मौत हो गई थी। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

### चूरू में बेटा बना खलनायक

# शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो बाप को कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | चूरू

चूरू में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। पिता का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने शराब के लिए बेटे को पैसे नहीं दिए थे। इसी बात से गुस्साए बेटे ने पिता की कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद बेटे ने खेत में जाकर जहर खाकर सुसाइड कर लिया। यह घटना चूरू जिले के हमीरवास थाना क्षेत्र के गांव भाखरा की है।

हमीरवास थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई ने बताया कि कालरी निवासी मृतक की बेटी नीलम (30) ने रिपोर्ट दी है। उसने शिकायत में बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे नीलम को उसकी मां सुलोचना ने फोन करके बताया कि उसके भाई मान सिंह (35) उसके पिता महेंद्र सिंह (60) से शराब के लिए पैसे देने के लिए झगड़ा कर रहा है। इसके बाद मान सिंह मौके से नाराज होकर चला गया।



थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी अविवाहित था और शराब का आदी था। पिता-पुत्र दोनों खेतीबाड़ी करते थे। सोमवार को बेटे से झगड़ा होने के बाद महेंद्र सिंह रोज की तरफ खाना खाकर घर में कमरे के बाहर सो गया। महेंद्र सिंह की पत्नी सुलोचना घर के अंदर सो रही थी। इसी दौरान रात करीब 9 बजे मानसिंह कुल्हाड़ी लेकर वापस आया और आते ही पिता की गर्दन पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मां के चिल्लाने के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। बेटी नीलम करीब साढ़े 9 बजे भाखरा गांव पहुंची, जहां महेंद्र सिंह का शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा था और मौके पर गांव के लोगों की भीड़ लगी थी।

### हत्या के बाद जहर खाकर दी जान

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी की तलाश को लेकर गांव के लोग और पुलिस उसे ढूंढते रहे, लेकिन सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मान सिंह ने खेत में जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया है। इस पर पुलिस ने उसके शव को भी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बेटी की रिपोर्ट पर मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत

**धौलपुर।** जिले के बाड़ी उपखंड क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। आंगई थाना इलाके में गडरपुरा गांव के पास हुए हादसे में एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे का शिकार सभी श्रद्धालु उत्तरप्रदेश के आगरा जिले के रहने वाले हैं तथा विशनगिरि धाम पर दर्शन करके अपने घर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक उत्तरप्रदेश के आगरा जिले के जगनेर थाना इलाके के गांव सिंगायच निवासी करीब दो दर्जन ग्रामीण एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर बाड़ी लोक तीर्थ विशनगिरि बाबा के धाम पर दर्शन करने के बाद में मंगलवार अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में आंगई थाना इलाके के गडरपुरा गांव के पास में सुबह करीब 6 बजे ट्रैक्टर की स्टेयरिंग फेल होने के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।



हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 53 वर्षीय वीरेंद्र ठाकुर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर आंगई थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को उपचार के लिए बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में गंभीर रूप से घायल 50 वर्षीय महिला श्रद्धा देवी पत्नी ओमवीर और करीब 15 वर्षीय किशोर हेमंत (15) पुत्र महेंद्र को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### राजधानी के कूकस में एक निजी कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

# सर्वर डाउन, नेट परीक्षा स्थगित, पहली पारी के 250 अभ्यर्थी प्रभावित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश समेत देशभर में 21 अगस्त से यूजीसी नेट 2024 परीक्षा आयोजित की जा रही है। मंगलवार को जयपुर में आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा के दौरान एक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने हंगामा कर दिया। राजधानी के शंकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कूकस इंस्टीट्यूट में यूजीसी नेट की परीक्षा होनी थी, लेकिन जब परीक्षा समय पर शुरू नहीं हुई तो वहां मौजूद विद्यार्थियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद से सेंटर पर नेट परीक्षा को स्थगित करना पड़ा। इसका असर पहली शिफ्ट में परीक्षा देने वाले 250 अभ्यर्थी पर पड़ेगा।

### 2 घंटे में भी सही नहीं हुआ सर्वर

जयपुर में मंगलवार को शंकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कूकस इंस्टीट्यूट में सही समय पर परीक्षा नहीं शुरू होने के बाद से छात्र हंगामा कर रहे थे। बताया जा रहा था कि अभ्यर्थियों की एंट्री 8 बजे होने के बाद भी काफी देर तक एग्जाम शुरू नहीं हुआ था जिससे वहां मौजूद अभ्यर्थियों का सब्र टूट गया। और उन्होंने देरी का विरोध करना शुरू कर दिया था।



### सर्वर डाउन होने से भड़के छात्र

हंगामा बढ़ने पर संस्थान के लोगों ने अभ्यर्थियों को बताया कि सर्वर डाउन होने का बताया। इसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं मामला बढ़ता देख अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया गया कि परीक्षा शुरू होने में देरी के बाद उन्हें 2 घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। लेकिन संस्थान की इस लापरवाही से छात्र काफी नाराज दिखे। मौके पर मौजूद एक अभ्यर्थी के अभिभावक अनिल ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रवेश सुबह 7:30 बजे से शुरू हो गया था। 8:30 बजे गेट बंद कर दिया गया। इसके बाद भी परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो सकी। 1 घंटे बाद भी परीक्षा शुरू नहीं हुई। फिर अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद उन्हें बताया गया कि सर्वर डाउन है। इस पर वे और भड़क गए। क्योंकि उनके तीन घंटे में से एक घंटा बर्बाद हो गया। और अब उन्हें बताया गया कि उन्हें सिर्फ दो घंटे का समय दिया जाएगा। यानी परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थियों ने वहीं पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।



### जून 2024 में रद्द हो चुकी है परीक्षा

आपको बता दें कि UGC NET 2024 परीक्षा पूरे देश में NTA के माध्यम से आयोजित की जाती है। इससे पहले इसका आयोजन 18 जून 2024 को किया गया था। उस परीक्षा में देशभर के 317 शहरों में पेन और पेपर मोड में परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा दो शिफ्ट में ली गई थी। लेकिन इसके आयोजन के महज 24 घंटे बाद ही भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के जरिए UGC NET परीक्षा 2024 के कथित लीक होने के इनपुट मिले, जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद NTA ने इसी तारीखों का दुबारा ऐलान किया गया। जिसमें अब 21 अगस्त से 4 सितंबर तक दोबारा आयोजित किया जा रहा है। और अब इसे ऑफलाइन नहीं बल्कि कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित किया जा रहा है।

## Yuva स्टोरीज

# कार्यशाला में सड़क सुरक्षा के विभिन्न कानूनों पर दी गई जानकारी



**बेधड़क** | जयपुर

एसकेआईटी और एम एंड जी जयपुर की ओर से मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी और एसके फाइनेंस के सहयोग से सड़क सुरक्षा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जयपुर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों से 40 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में मोटर वाहन ड्राइविंग विनियमन 2017, मोटर वाहन अधिनियम 2019 के विभिन्न प्रावधानों और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन कानूनों को लागू करने के महत्व सहित प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को आईआरसी कोड के अनुसार यातायात प्रबंधन उपकरण, सड़क संकेत, और यातायात नियंत्रण उपकरण के बारे में बताया गया। कार्यशाला में उचित आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन करके सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के महत्व पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. एस.एल. एसकेआईटी, जयपुर के द्वारा किया गया। प्रमुख वक्ताओं में एसएमएस अस्पताल में सहायक प्रोफेसर और ट्रॉमा सर्जन डॉ. दिनेश गोरा, एसकेआईटी जयपुर के एसोसिएट प्रोफेसर अनिरुद्ध माथुर और मुस्कान फाउंडेशन के प्रशिक्षक समीर नैनावत शामिल थे। कार्यशाला का समापन एसीपी सांगानेर, विनोद कुमार शर्मा, एसकेआईटी जयपुर के निदेशक, जयपाल मील और एसके फाइनेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, समीर अरोड़ा के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन एसकेआईटी जयपुर के सहायक प्रोफेसर पवन पाटीदार और निखिल शर्मा ने किया।

### कर्मचारी चयन आयोग ने नोटिस जारी कर दी सूचना


# अब 5 सितंबर को जारी होगा SSD (GD) का नोटिफिकेशन

**बेधड़क** | नई दिल्ली

कर्मचारी चयन आयोग ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर के जानकारी दी है कि एसएससी जीडी कांस्टेबल भर्ती 2024-25 की अधिसूचना अब 5 सितम्बर को जारी की जाएगी।

नोटिस के अनुसार, वर्ष 2024-2025 के लिए परीक्षाओं के अनंतिम कैलेंडर के अनुसार, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) और SSF में कांस्टेबल (GD), असम राइफल्स में राइफलमैन (GD), और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही परीक्षा, 2025 के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस 27 अगस्त को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाना था। हालाँकि, प्रशासनिक कारणों से, यह परीक्षा का नोटिस अब 05 सितंबर को जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साल आयोग ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), सीमा सुरक्षा बल (BSF), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF), सशस्त्र सीमा बल (SSB), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), सचिवालय सुरक्षा बल (SSF) और असम राइफल्स (AR) के तहत करीब 46 हजार रिक्तियों के लिए अधिसूचना जारी की थी।

अधिसूचना में शैक्षणिक योग्यता, रिक्तियां, महत्वपूर्ण तिथियां, चयन प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, आवेदन प्रक्रिया, पंजीकरण से जुड़ी सभी डिटेल्स शामिल होगी, अधिसूचना जारी होने के बाद उम्मीदवार संबंधित वेबसाईट पर लिंक पर आवेदन कर सकेंगे।



### ये मानदंड जरूरी

**आयु:** 18 से 25 वर्ष

**शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं उत्तीर्ण या समकक्ष परीक्षा

**शारीरिक मानक:** ऊंचाई, वजन, छाती का विस्तार और दौड़ने के लिए वांछित शारीरिक मानक होने चाहिए।

**राष्ट्रीयता:** भारतीय नागरिक

### इन फोर्सेज में होगी भर्ती

- सीमा सुरक्षा बल (BSF)
- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)
- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF)
- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)
- सशस्त्र सीमा बल (SSB)
- सचिवालय सुरक्षा बल (SSF)
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA)

### चयन प्रक्रिया

एसएससी जीडी 2025 की पूरी भर्ती प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी: कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT), शारीरिक मानक परीक्षण (PST), शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) और अंत में मेडिकल टेस्ट। ऑनलाइन परीक्षा में एक वस्तुनिष्ठ प्रकार का पेपर होगा जिसमें 80 प्रश्न होंगे जिनमें से प्रत्येक में 2 अंक होंगे।

**चरण 1-** लिखित परीक्षा (कंप्यूटर आधारित), **चरण 2-** शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी), **चरण 3-** शारीरिक मानक परीक्षण (PST), **चरण 4-** मेडिकल टेस्ट

### 2 सितंबर से शुरू होगी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

# ITBP में किचन सर्विस (कांस्टेबल) के 819 पदों पर होगी भर्ती



**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) ने कांस्टेबल पदों ( किचन सर्विस) पदों ग्रुप-सी के तहत पर भर्ती निकाली है। भर्ती में इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 2 सितंबर से आईटीबीपी की ऑफिशियल वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आईटीबीपी इस पोस्ट के लिए 819 कांस्टेबल पदों पर भर्ती कर रही है। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 1 अक्टूबर है। आनलॉइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार भर्ती से जुड़े सभी डिटेल्स को ध्यान सेजरूर पढ़ें। वैकेंसी की डिटेल्स में कांस्टेबल( किचन सर्विस) कुल पद - 819 है। इसमें एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में इन पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार को भारत के किसी भी प्रतिष्ठित बोर्ड से 10वीं परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। जबकि आयु सीमा कांस्टेबल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा आईटीबी कांस्टेबल किचन सर्विस रिक्रूटमेंट के नियमों के अनुसार आयुसीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी।

सेलेक्शन प्रोसेस लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा(पीईटी) और शारीरिक मानक परीक्षा(पीएसटी) के तहत उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके अलावा कैंडिडेट्स का ऑरिजनल डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन और मेडिकल एग्जामिनेशन किया जाएगा। एप्लीकेशन फीस आवेदन के लिए जनरल/ओबीसी /ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के कैंडिडेट्स को 100 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं, एस/एसटी और फीमेल्स बिना किसी शुल्क के आवेदन कर सकेंगी। डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ई-चालान के जरिए फीस पेमेंट किया जा सकेगा।

# गेट 2025 के लिए कल से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन

**बेधड़क** | नई दिल्ली

ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (GATE 2025) के लिए रजिस्ट्रेशन विंडों बुधवार को 28 अगस्त को ओपन होगी। रजिस्ट्रेशन विंडों के खुलने का इंतजार करने वाले कैंडिडेट ऑफिशियल वेबसाइट gate2025.iitr.ac.in पर जाना होगा। बता दें कि रजिस्ट्रेशन करने की आखिरी तारीख 26 सितंबर है। कैंडिडेट लेट फीस देकर 7 अक्टूबर तक GATE 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। गेट 2025 की परीक्षा का आयोजन 1,2,15 और 16 फरवरी को कराया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में कराया जाएगा। गेट की परीक्षा के लिए छात्रों को 3 घंटे का समय दिया जाता है। परीक्षा में छात्रों से प्रश्न जनरल एप्टिट्यूड और उनके द्वारा चुने गए विषय से पूछे जाएंगे। छात्र द्वारा चुने गए विषय से प्रश्न विभिन्न प्रकार जैसे मल्टिपल चोईस प्रश्न (MCQ), मल्टिपल सेलेक्ट प्रश्न (MSQ) और नूमेरिकल आंसर टाइप (NAT) के पूछे जाएंगे। मल्टिपल चोईस प्रश्न (MCQ) सेक्शन में गलत उत्तर देने पर नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी। प्रत्येक एक अंक के MCQ प्रश्न का गलत उत्तर देने पर एक तिहाई अंक कम कर दिए जाएंगे। 2 अंक वाले प्रत्येक MCQ प्रश्न का गलत उत्तर देने पर दो तिहाई अंक कम कर दिए जाएंगे। मल्टिपल सेलेक्ट प्रश्न (MSQ) और नूमेरिकल आंसर टाइप (NAT) प्रश्नों का गलत उत्तर देने पर नेगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। गेट की परीक्षा केवल इंग्लिश माध्यम में ही होगी। प्रत्येक गेट पेपर का कुल अंक 100 होगा। सभी पेपर में जनरल एप्टिट्यूड टेस्ट 15 अंकों का होगा। बाकी के बचे 85 अंक, उस विषय से होगा जिसे छात्र ने चुना है। इंस्टीट्यूट के नियमों के मुताबिक एक छात्र केवल दो विषयों में ही परीक्षा दे सकता है। इसके अलावा एक छात्र केवल एक ही एप्लीकेशन फॉर्म भर सकता है। दूसरे पेपर की जानकारी भी छात्र को एक ही एप्लीकेशन फॉर्म में भरनी होगी। ऑफिशियल जानकारी के मुताबिक यदि किसी छात्र ने बहुत सारी एप्लीकेशन फॉर्म को भरा होगा, तो केवल एक ही एप्लीकेशन फॉर्म का चयन किया जाएगा। बाकी सभी एप्लीकेशन फॉर्म को अस्वीकार कर दिया जाएगा साथ ही फीस भी रिफंड नहीं की जाएगी।




# BEML में 100 पदों पर भर्ती सैलरी 60 हजार से ज्यादा

**नई दिल्ली।** भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) ने आईटीआई ट्रेनी और ऑफिस असिस्टेंट ट्रेनी के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के लिए एजुकेशनल क्वालिफिकेशन में ITI ट्रेनी जो संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट प्राप्तधारी हो। ऑफिस असिस्टेंट ट्रेनी में कॉमर्शियल प्रैक्टिस/ सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस में डिप्लोमा/ डिग्री और कंप्यूटर एप्लीकेशन में प्रोफिशिएंसी होनी चाहिए। जबकि आयु सीमा अधिकतम 32 वर्ष रहनी चाहिए। आयु सीमा मे ओबीसी को 3 साल और SC/ST को 5 साल की छूट दी जाएगी। फीस में जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस 200 रुपए और एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी निःशुल्क रहनी चाहिए। भर्ती में सिलेक्शन प्रोसेस रिटन एग्जाम और ट्रेड टेस्ट के जरिए होगा। नौकरी में सैलरी 15,500 - 60,650 रुपए प्रतिमाह रहेगी।

# बीएचयू यूजी एडमिशन राउंड 3 सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने बीएचयू यूजी 2024 राउंड 3 सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने काउंसलिंग के लिए पंजीकरण कराया है, वे आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सीट आवंटन परिणाम देख सकते हैं। परिणाम देखने के लिए छात्रों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होगी। बीएचयू यूजी एडमिशन के लिए राउंड 3 सीट अलॉटमेंट मंगलवार शाम 6 बजे जारी कर दिया गया। उम्मीदवारों को आवंटित सीटों के लिए 30 अगस्त तक प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। यदि कोई उम्मीदवार इस तिथि तक शुल्क जमा नहीं करता है, तो उसकी सीट रद्द कर दी जाएगी। बीएचयू यूजी एडमिशन के लिए राउंड 4 सीट अलॉटमेंट 31 अगस्त को शाम 6 बजे जारी किया जाएगा। फीस भुगतान के बाद, दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया होगी। यदि कोई उम्मीदवार समय सीमा से पहले प्रवेश शुल्क का भुगतान करने में विफल रहता है, तो आवंटित सीट रद्द कर दी जाएगी। "अगर अपग्रेडेशन (वरीयता या कोटा अपग्रेडेशन) होता है, तो उम्मीदवार को "भुगतान" विकल्प का इस्तेमाल करना होगा, जो हर राउंड के लिए उम्मीदवार के प्रवेश डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगा।

# ईडन रॉयल्स ने एडनोर प्लेयर्स और ईडन वॉरियर्स ने जयपुर स्ट्राइकर्स को हराया



**जयपुर।** ईडन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेली जारी टी-20 क्रिकेट सीरीज के लीग मुकाबलों में ईडन रॉयल्स ने एडनोर प्लेयर्स को 6 विकेट से तथा ईडन वॉरियर्स ने जयपुर स्ट्राइकर्स को 79 रनों से हराकर दोनों टीमों ने टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। एडनोर प्लेयर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रन ही बना सकी। ईडन रॉयल्स ने 9 .4 ओवर में लक्ष्य की प्राप्ती कर 6 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। नरेंद्र चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे। दुसरे मुकाबला ईडन वॉरियर्स और जयपुर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। ईडन वॉरियर्स ने कमल भारद्वाज 80, विनय मीणा 46 तथा हर्ष माहेश्वरी 32 रनों की मदद से 6 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर स्ट्राइकर्स की टीम 107 रन पर ऑल आउट हो गई। ईडन वॉरियर्स ने 79 रनों से जीत दर्ज की। दिलीप जोशी ने 10 रन देकर 3 विकेट लिए। कमल भारद्वाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**एग्जाम** | **यूजीसी ने जारी किया फ्रेम वर्क**

# विवि स्वयं पाठ्यक्रमों के लिए कर सकेंगे परीक्षा आयोजित

**बेधड़क** | नई दिल्ली

यूजीसी ने स्वयं (SWAYAM) प्लेटफॉर्म के माध्यम से अकादमिक क्रेडिट अर्जित करने की प्रक्रिया को और आसान करने, उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने के लिए यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को SWAYAM पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देने के लिए एक नया फ्रेमवर्क पेश किया है। यह पहल अक्टूबर-नवंबर 2023 और अप्रैल-मई 2024 के बीच आयोजित राज्य स्तरीय जागरूकता बैठकों की एक श्रृंखला के साथ-साथ यूजीसी अध्यक्ष और संयुक्त सचिव (टीईएल) मंत्रालय के नेतृत्व में उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के साथ ऑनलाइन चर्चा के बाद आई है। इन बैठकों में क्रेडिट हस्तांतरण के लिए SWAYAM पाठ्यक्रमों को अपनाने में विश्वविद्यालयों की बढ़ती रुचि और अधिक लचीली परीक्षा प्रक्रिया की आवश्यकता देखी गई है।




### नई रूपरेखा छात्रों को बेहतर समर्थन देगी: प्रो. एम. जगदीश कुमार

यूजीसी अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों में स्वयं (SWAYAM) परीक्षा आयोजित करने की नई रूपरेखा छात्रों को बेहतर समर्थन प्रदान करेगी और भागीदारी बढ़ाएगी। छात्र अपने विश्वविद्यालयों के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं, पाठ्यक्रम गतिविधियों को पूरा कर सकते हैं, और विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एनटीए और एनपीटीईएल द्वारा प्रदान की जाने वाली मौजूदा परीक्षा सुविधाओं के अतिरिक्त है। अर्जित क्रेडिट को छात्रों की प्रतिलेखों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

### ये हैं नया फ्रेमवर्क

वर्तमान में, SWAYAM पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम अवधि की प्रॉक्टेड परीक्षाएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग (NPTEL) द्वारा आयोजित की जाती हैं। नए फ्रेमवर्क के तहत, जिन छात्रों ने SWAYAM पर पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, उनके पास अब अपने स्वयं के विश्वविद्यालय में SWAYAM परीक्षा देने का विकल्प होगा। फ्रेमवर्क में पुन: परीक्षा के प्रावधान भी शामिल हैं, जो उन छात्रों को अनुमति देते हैं जो SWAYAM परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुए या उपस्थित नहीं हो पाए, उन्हें बाद के सेमेस्टर में फिर से परीक्षा देने की अनुमति दी गई। स्वयं (SWAYAM) के माध्यम से जिन विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन शिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए यूजीसी क्रेडिट फ्रेमवर्क को अपनाया है, वे अब अपने छात्रों को अपने संस्थानों में SWAYAM परीक्षा देने की अनुमति दे सकते हैं।


### संस्थानों के लिए महत्व

यूजीसी ने इससे पहले स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (SWAYAM) विनियम, 2021 के माध्यम से ऑनलाइन लर्निंग पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट फ्रेमवर्क की घोषणा की है। यह फ्रेमवर्क क्रेडिट के संचय और हस्तांतरण सहित SWAYAM पाठ्यक्रमों को अपनाने को नियंत्रित करता है। नया फ्रेमवर्क उन विश्वविद्यालयों को SWAYAM परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देता है, जिन्होंने पहले ही नियमों को अपनाया है। यूजीसी दो अतिरिक्त दस्तावेज प्रदान कर रहा है।

# आने वाली नस्लें तुम पर फख्र करेंगी हम-असरो



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



## शायर फिराक गोरखपुरी की जयंती

*“बीस साल की उम्र आते-आते वे भी शे’र कहने लगे। शुरुआत में उन्होंने फारसी के उस्ताद महदी हसन नासिरी से कुछ गजलों पर इस्लाह ली। बाद में खुद के अंदर ही शे’र कहने की इतनी सलाहियत आ गई कि किसी उस्ताद की जरूरत नहीं पड़ी।”*

एक उम्दा मोती, खुश लहजे के आसमान के चौदहवीं के चांद और इल्म की महफिल के सद्र। जहानत के काफिले के सरदार। दुनिया के ताजदार। समझदार, पारखी निगाह, जमीं पर उतरे फरिश्ते, शायरे-बुज़ुर्ग और आला। अपने फिराक को मैं बरसों से जानता और उनकी खासियतों का लोहा मानता हूं। इल्म और अदब के मसले पर जब वह जबान खोलते हैं, तो लफ्ज और मायने के हजारों मोती रोलते हैं और इतने ज्यादा कि सुनने वाले को अपनी कम समझ का एहसास होने लगता है। वह बला के हुस्नपरस्त और कयामत के आशिक मिजाज हैं और यह पाक खासियत है, जो दुनिया के तमाम अजीम फनकारों में पाई जाती है।

यह मुख़्तसर सा तआरुफ अजीम शायर फिराक गोरखपुरी का है। उनके दोस्त शायर-ए-इंकलाब जोश मलीहाबादी ने अपनी आत्मकथा ‘यादों की बरात’ में फिराक का खाका खींचते हुए उनके मुताल्लिक यह सब बातें कहीं हैं। जिन लोगों ने भी फिराक को देखा, पढ़ा या सुना है, वे सब अच्छी तरह से जानते हैं कि फिराक गोरखपुरी की शख़्सियत इन सबसे कमतर नहीं थी, बल्कि कई मामलों में, तो वे इससे भी कहीं ज्यादा थे। फिराक जैसी शख़्सियत, सदियों में एक पैदा होती है। फिराक गोरखपुरी का ख़ाका लिखते वक्त जोश मलीहाबादी यहीं नहीं रुक गए, बल्कि इसी मजामीन में उन्होंने डंके की चोट पर यह एलान भी कर दिया,‘जो शख़्स यह तस्लीम नहीं करता कि फिराक की अजीम शख़्सियत हिंदुस्तान के माथे का टीका और उर्दू जबान की आबरू, शायरी की मांग का संदल है, वह खुदा की कसम पैदाइशी अंधा है।’ फिराक गोरखपुरी की सतरंगी शख़्सियत का इससे बेहतर तआरुफ शायद ही कोई दूसरा हो सकता है।

28 अगस्त, 1896 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्में रघुपति सहाय बचपन से ही शायरी से हद दर्जे के लगाव और मोहब्बत के चलते फिराक गोरखपुरी हो गए। उन्होंने अपना यह तखल्लुस क्यों चुना?, इसका भी एक मुख़्तसर सा किस्सा है, जो उन्होंने मौलाना खैर बहोरवी के नाम लिखे अपने एक खत में वाज़ेह किया था। इस ख़त में फिराक लिखते हैं, ‘वे ‘दर्द’ देहलवी के कलाम से काफी मुतास्सिर थे। ‘दर्द’ के उत्तराधिकारी नासिर अली ‘फिराक’ थे। चूंकि वे भी ‘दर्द’ देहलवी के कलाम के मद्दाह थे, लिहाजा उन्हें यह तखल्लुस ख़ूब पसंद आया और उन्होंने भी अपना तखल्लुस ‘फिराक’ रख लिया।’ ‘फिराक’ तखल्लुस पसंदगी की एक और वजह शायद इस लफ्ज के मायने भी हैं, जो उनकी शख़्सियत से काफी मेल खाते हैं। गोरखपुर में पैदाइश की वजह से उनका पूरा नाम हुआ, फिराक गोरखपुरी। बहरहाल, फिराक के वालिद मुंशी गोरख प्रसाद खुद एक अच्छे शायर थे और उनका तखल्लुस ‘इबरत’ था। वे फारसी के आलिम थे और उर्दू में शायरी करते थे। जाहिर है कि घर के अदबी माहौल ने फिराक के मासूम जेहन पर भी असर डाला। वे भी शायरी के दिलदादा (शौकीन) हो गए। बीस साल की उम्र आते-आते वे भी शे’र कहने लगे। शुरुआत में उन्होंने फारसी के उस्ताद महदी हसन नासिरी से कुछ गजलों पर इस्लाह ली। बाद में खुद के अंदर ही शे’र कहने की इतनी सलाहियत आ गई कि किसी उस्ताद की जरूरत नहीं पड़ी।

फिराक की इब्तिदाई शायरी यदि देखें, तो उसमें जुदाई का दर्द, गम और जज्बात की तीव्रता शिद्दत से महसूस की जा सकती है। अपनी गजलों, नज्मों और रुबाईयों में वे इसका इजहार बार-बार करते हैं, ‘वो सोज-ओ-दर्द मिट गए, वो जिंदगी बदल गई/सवाल-ए-इश्क है अभी ये क्या किया, ये क्या हुआ।’ वे अपने जाती दर्द को इन अल्फाज में आवाज देते हैं, ‘उम्र फिराक ने यों ही बसर की/कुछ गम-ए-जानां, कुछ गम-ए-दौरां। जुदाई के दर्द के अलावा उनके अश्आर में ‘रात’ एक रूपक के तौर पर आती है।

उनके कलाम का एक हिस्सा ऐसा है, जिसकी बिना पर उन्हें शायर-ए-नीमशबी कहा जा सकता है। मिसाल के तौर पर उनके कुछ ऐसे ही अश्आर हैं, उजले-उजले से कफन में सहर-ओ-शाम ‘फिराक’/एक तस्वीर हूं मैं रात के कट जाने की।’ ‘तारीकियां चमक गईं आवाज़े-दर्द से/मेरी गजल से रात की जुल्फें संवर गईं।’ फिराक गोरखपुरी हालांकि अपनी गजलों और मानीखेज शे’र के लिए जाने जाते हैं, मगर उन्होंने नज्में भी लिखी। और यह नज्में, गजलों की तरह खूब मकबूल हुईं। ‘आधी रात’, ‘परछाइयां’ और ‘रक्स-ए-शबाब’ वे नज्में हैं, जिन्हें जिगर मुरादाबादी, जोश मलीहाबादी से लेकर अली सरदार जाफरी तक ने दिल खोलकर दाद दी। ‘दास्तान-ए-आदम’, ‘रोटियाँ’, ‘जुगनू’, ‘रूप’, ‘हिंडोला’ भी फिराक की शानदार नज्में हैं, जिनमें उनकी तरक्कीपसंद सोच साफ जाहिर होती है। ‘हिंडोला’ नज्म में तो उन्होंने हिंदुस्तानी तहजीब की शानदार तस्वीरें खींची हैं। फिराक जैसी शोहरत बहुत कम शायरों को हासिल हुई है। ‘आने वाली नस्लें तुम पर फख्र करेंगी हम-असरो/जब भी उन को खयाल आएगा कि तुम ने ‘फिराक’ को देखा था।’ फिराक गोरखपुरी के इस शे’र में भले ही उनकी खुद-एतिमादी (आत्मविश्वास) और खुदी (अहंवाद) दोनों एक साथ झलकती है, लेकिन जिन लोगों ने भी उन्हें देखा-पढ़ा-सुना है, उनका इस शे’र पर मुकम्मल ईमान है। यही वह खास बात है, जो फिराक गोरखपुरी को दीगर शायरों से जुदा करती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## राज्यसभा चुनाव: जार्ज कुरियन को टिकट देने से...

# भाजपा नेताओं के मंसूबों पर फिरा पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

*“जो राज्यसभा सदस्य लोकसभा चुनावों में जीते हैं, उनमें महाराष्ट्र से पीयूष गोयल, हरियाणा से दीपेंद्र सिंह हुड्डा, मध्य प्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजस्थान से कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल शामिल हैं। बिहार से लोकसभा चुनाव जीतने वालों में राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती और भाजपा के नवादा से सांसद विवेक ठाकुर हैं। असम से कामाख्या प्रसाद तासा और सरबानंद सोनोवाल है।”*



मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा सीट खाली हुई थी। अतएव भाजपा के कई दिग्गज नेता इस आश में थे कि उन्हें राज्यसभा का टिकट मिल जाएगा, लेकिन टिकट की कतार में खड़े नेताओं की बजाय भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने केंद्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन को मध्यप्रदेश से अपना उम्मीदवार बनाकर एक बार फिर नेताओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। 21 अगस्त को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की उपस्थिति में कुरियन ने अपना नामांकन दाखिल किया और आज मंगलवार को वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो जाएंगे। क्योंकि आज 27 अगस्त नाम वापसी की अंतिम तारीख है। इस सीट के लिए कुल दो आवेदन आए थे। इनमें कुरियन भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार है, जबकि कांतिदेव सिंह भाजपा के डमी प्रत्याशी है। आज सिंह अपना नामांकन वापिस ले लेंगे। इसके साथ ही कुरियन निर्वाचित घोषित हो जाएंगे।

कुरियन के उम्मीदवार बनने से सबसे बड़ा झटका 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराने वाले केपी यादव को लगा है। 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान यादव का टिकट काटकर भाजपा ने सिंधिया को उम्मीदवार बना दिया था। सिंधिया को यह तोहफा इसलिए दिया गया था, क्योंकि उन्होंने 2020 में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार का तख्तापलट करके शिवराज सिंह चैहान को फिर से मुख्यमंत्री के सिंहासन पर आरूढ़ करवा दिया था। इसके एवज में सिंधिया को राज्यसभा का सदस्य बनवाया गया और फिर उन्हें नरेंद्र मोदी सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री भी बना दिया गया था। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने गुना की एक चुनावी सभा में केपी यादव की उपस्थिति में वादा किया था कि केपी यादव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी चुनाव के बाद सौंपी जाएगी। लेकिन अब लोकसभा और फिर राज्यसभा का टिकट नहीं मिलने से उनकी गति ‘दोई दीन से गए पांडे, हलुआ मिले न मांडे।’ इस हालात में केपी राज्यसभा का टिकट नहीं मिलने पर मौन धारण कर गए हैं। किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया देने में उनके होंठ सिले हुए हैं। राज्यसभा उम्मीदवार का नाम घोषित हुए ही वे अपने गांव चले गए और मोबाइल बंद कर दिया। दरअसल वे समझ रहे हैं, कि कहीं कुछ उल्टा-सीधा मुंह से निकल गया तो भविश्य की सभी संभावनाओं पर विराम लग जाएगा।

केपी यादव के बाद बड़ी उम्मीद के साथ प्रदेश सरकार में पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा टिकट की कतार में थे। लेकिन उनकी उम्मीदों पर भी कुठाराघात हुआ है। दतिया क्षेत्र में बहुत विकास कार्यों को अमल में लाने के बावजूद मिश्रा को दतिया विधानसभा क्षेत्र की जनता ने पराजय का स्वाद चखा दिया। इस हार के बाद उन्हें उम्मीद थी कि ग्वालियर या गुना से उन्हें लोकसभा का टिकट मिल जाएगा। भिंड-दतिया आरक्षित सीट थी, अन्यथा वे यहां से भी टिकट मांग सकते थे। हालांकि उन्होंने झांसी और भोपाल से भी टिकट की मांग कर दी थी। क्योंकि मिश्रा जानते थे कि टिकट कहीं से भी मिल जाए, कमल का फूल और नरेंद्र मोदी का नाम उनकी जीत की गारंटी साबित होंगे। उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद इसलिए भी थी, क्योंकि वे भाजपा के चुनाव रणनीतिकार अमित शाह से भी सीधे जुड़े थे। लेकिन वे भी हाथ मलते रह गए।

3 सितंबर को 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है। इनमें से 10 सीटें राज्यसभा सदस्यों के लोकसभा चुनावों में जीत जाने के कारण रिक्त हुई हैं। जबकि दो अन्य सीटें राज्यसभा सांसदों के इस्तीफे दे देने से खाली हुई हैं। हालांकि ज्यादातर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो जाने की उम्मीद है। गौरतलब है कि जो राज्यसभा सदस्य लोकसभा चुनावों में जीते हैं, उनमें महाराष्ट्र से पीयूष गोयल, हरियाणा से दीपेंद्र सिंह हुड्डा, मध्य प्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजस्थान से कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल शामिल हैं। बिहार से लोकसभा चुनाव जीतने वालों में राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती और भाजपा के नवादा से सांसद विवेक ठाकुर हैं। असम से कामाख्या प्रसाद तासा और सरबानंद सोनोवाल है। त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देव भी लोकसभा चुनाव जीते हैं। राज्यसभा से सांसद रहे केके सवराव ने 5 जुलाई को और बीजद सांसद ममता मोहंता ने 31 जुलाई को राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था।

ग्वालियर-चंबल अंचल के लोगों को उम्मीद थी कि सिंधिया की सिफारिश पर मध्यप्रदेश राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। इस कारण नरोत्तम मिश्रा सिंधिया के भी इर्द-गिर्द मंडराते देखे जा रहे थे। हालांकि वे स्वयं भाजपा में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाते है। अमित शाह के साथ-साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भी मिश्रा विश्वास पात्र रहे हैं। शिवराज सरकार में मंत्री रहते हुए शिवराज के वे संकटमोचक भी रहे हैं। संघ के अजेंडे को आगे बढ़ाने के कारण उन्हें उम्मीद थी कि संघ का वीटो पावर उनकी नैया पार करा देगा। दूसरी तरफ केपी यादव इसलिए आश्वस्त थे, क्योंकि खुद अमित शाह गुना के मंच से जता गए थे कि एक तो यहां से आपको सिंधिया जैसा मजबूत सांसद मिलेगा। दूसरे केपी यादव एक तरह से दूसरे सांसद की भूमिका में रहेंगे, अतएव गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र को दो सांसद मिल जाएंगे। केपी की चिंता का दायित्व शाह ने अपने ऊपर ले लिया था, इसलिए क्षेत्र की जनता को उम्मीद थी कि मृदुल एवं सौम्य व्यवहार के यादव की उम्मीदवारी तय है। यादव ने मौन व्रत इसलिए ले लिया है, क्योंकि अभी निगम और मंडलों की भर्ती में नेता मनोनीत होने हैं। कुरियन को टिकट का जहां तक सवाल है, सिंधिया से इस मुद्दे पर कोई सलाह-मशवरा ही नहीं किया गया है। क्योंकि भाजपा केरल में अपने साम्राज्य विस्तार की दिशा में पहल कर रही है। केरल में हिन्दू वोट के अलावा ईसाई भी बड़ा वोट-बैंक है। कुरियन केरल के मूल निवासी होने के साथ 1980 से भाजपा के अलग-अलग मोर्चों पर डटे हुए हैं। ऐसे में मध्यप्रदेश के नेताओं की उम्मीदों पर पानी फिरना तय था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

हे सुदर्शन चक्रधारी अंततः प्रतिवर्षिनुसार इस वर्ष भी तुमने धरा पर जन्म ले लिया तुम्हारा जन्म की हजारों बधाइयां देने वाले उपस्थित थे लेने वाले भी उपस्थित थे सभी ने एक दूसरे से इस उत्साह को उत्साहपूर्वक मनाया अब यह जन्म सिर्फ जन्म बनकर ही नहीं रह जाएं क्योंकि तुमने अपने समय में कई आतातार्इयो को मार कर इस धारा को इसे बचाया था और द्रौपदी की लाज बचाकर तुमने जो चीर बढ़ाया है वह आज भी मुझे ही नहीं सभी को याद है यह जन्म क्या एक काल्पनिक कथा मान सकता हूं लेकिन, धर्मशास्त्र पुराण कहते हैं कि तुमने किसी की इज्जत बचाने के लिए पलक झपकते हैं वहां उपस्थित हो गए हैं तो फिर आज वर्तमान हालातो को देखते हुए तुम कहां छिपी हुई हो तुम्हारे आने में क्यों देर हो रही हैं।

वर्तमान में भारत की ऐसी कौन सी जगह बची है जहां दो-तीन साल की बच्चियों से लेकर अधेड़ महिलाओं के साथ बलात्कार नहीं हुआ है यह कहते हुए लिखते हुए बताते हुए बड़ी शर्म महसूस हो रही है कि आज बलात्कारी सरेआम घूम रहे हैं और कानून की आंख में धूल झोंकने से भी नहीं चुक रहे हैं। बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण विषय है कि, इन बलात्कारियों को बचाने के लिए कानून के कुछ तथा कथित जानकार पैसे को और अपने स्वार्थ को प्राथमिकता के आधार पर इन्हें बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाकर अपना जमीर बेच रहे हैं। कानून की अब तक जितनी भी धाराएं बनी है जितना अभी बदलाव हुआ है वह सिर्फ दिखावे के नाम पर ही है। सुरक्षा के नाम पर कोई बदलाव वास्तविक धरातल पर नजर नहीं आया। बलात्कारियों को सज़ा दिलवाने के लिए फास्ट ट्रैक पर चलने वाले फैसले अब फास्ट ट्रैक पर अर्थ को देखते हुए फिसल रहे हैं।

बलात्कारी सरेआम घूम रहे हैं और पीड़िता आत्महत्या कर रही है यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य का विषय है। आज सचमुच में तुम्हारा जन्म में जितने भी नेता राजनीतिज्ञ कानूनविद् कानून के सलाहकार कानून के जानकारों आदि आदि अगर तुम्हें सच्चे मन से मानते हैं तो उन्हें आज यह शपथ लेना होगी कि बलात्कारियों को फांसी की सजा करवाने के लिए सभी एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद करें अथवा पुलिस को खुली छूट दे दी जाएगी कि वह ऐसे बलात्कारी का सरेआम एनकाउंटर कर दे। ऐसा कहते हैं कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं जब तक इन बलात्कारियों को एनकाउंटर नहीं किया जाएगा। फांसी के तख्ते पर नहीं चढ़ाया जाएगा तब तक बलात्कार रुक नहीं सकते हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: राजनेताओं से लेकर फिल्मी सितारे तक हैं स्वाद के शौकीन

# लोकप्रिय और पारंपरिक खाना ‘लिट्टी-चोखा’

भारत में आज भी पारंपरिक व्यंजनों को तरजीह दी जाती है। इसका मुख्य उदाहरण है लिट्टी चोखा, जो कि बिहार का लोकप्रिय और पारंपरिक खाना है। यूं तो लोगों पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, जिसमें भोजन भी शामिल है। बात यदि बिहार के पारंपरिक भोजन लिट्टी-चोखा की करें तो इसका इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि चंद्रगुप्त मौर्य के समय यह प्रचलन में आया। आटे की लिट्टी तथा बैंगन व आलू से बना चोखा पुराने जमाने से लेकर आधुनिक समय के लोगों की पसंद बना हुआ है। चाणक्य, रानी लक्ष्मी बाई से लेकर देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बड़े फिल्मी सितारों ने भी इसका स्वाद चखा है। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### दो अलग व्यंजनों का मिश्रण

लिट्टी-चोखा का नाम एक साथ लिया जाता है, मगर यह दो अलग व्यंजनों का मिश्रण है। लिट्टी को आटे की लोई से बनाया जाता है, इसकी खास बात यह है कि इसमें सत्तू का मिश्रण तैयार कर भरा जाता है, इसी के कारण लिट्टी के स्वाद और अधिक बढ़ जाता है। जबकि चोखा एक प्रकार की सब्जी होता है, जिसे आलू तथा बैंगन को भूनकर बनाया जाता है। बिहार और उत्तर प्रदेश राज्य के विशेष व्यंजनों में इसकी गिनती की जाती है। इसे किसी भी समय



खाया जा सकता है। यह भोजन दाल-बाटी से मिलता जुलता है, मगर इसमें भरा गया सत्तू इसे उससे अलग बनाता है। यह व्यंजन मौर्य काल से ही प्रसिद्ध है। लिट्टी एक बिहारी व्यंजन है, जिसे देसी घी में डुबोकर चोखे के साथ खाने की परंपरा है। चोखा स्वाद में बैंगन के भरते की तरह होता है, जिसे बिहार में लिट्टी के साथ, उत्तर प्रदेश में परांठे के साथ तथा राजस्थान में दाल-बाट्टी के साथ सेवन किया जाता है।

### कितना पुराना इतिहास

माना जाता है कि लिट्टी-चोखा बनाने की शुरुआत मगध काल में हुई थी। चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में इसे प्रसिद्धि मिली। कहा जाता है कि जब सैनिक युद्ध के दौरान जाते थे, तो भोजन में लिट्टी-चोखा लेकर जाते थे। इसका मुख्य कारण यह है कि यह जल्दी खराब नहीं होती थी तथा इसे बनाना और पैक करके ले जाना भी काफी आसान था। वर्ष 1857 की क्रांति के समय भी लिट्टी-चोखा खाने का जिक्र मिलता है। इतिहासकारों की मानें तो तात्या टोपे और रानी लक्ष्मी बाई के सैनिक भी लिट्टी चोखा खाना पसंद करते थे। वर्तमान में इसे शाकाहारी भोजन के रूप में वैश्विक पहचान मिल चुकी है।

### बिहार का मुख्य भोजन

*लिट्टी चोखा के अलावा भी बिहार में कई प्रकार के व्यंजन तैयार किए जाते हैं। जैसे- चावल, दाल, रोटी, भाजी और अचार। यहां के लोग चावल, शाक-फलियों से बनी सब्जी अधिक पसंद करते हैं। इसके अलावा चूड़ा भूंजा, खिचड़ी, मखाना, झाल मुरी तथा सत्तू पेय यहां का पारंपरिक नाश्ते हैं।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

## X



**स्वामी अवधेशानंद,** आध्यात्मिक गुरु
@AvdheshanandG
जो दूसरों की व्याकुलता और साधनहीनता को देख कर करुणा से भीग जाते हैं और उनकी सेवा सहायता तथा सहयोग के लिए आगे बढ़ते हैं वे ही सर्वोच्च सत्ता को प्रिय हैं। नि:स्वार्थ सेवा आध्यात्मिक जगत् में एक बड़ा साधन माना गया है। परमार्थ प्रकृति का मूल स्वर है। धरती अम्बर अग्नि जल पवन प्राण, प्रकाश आदि के रूप में ईश्वर स्वयं भी सेवा और पारमार्थिक कार्य में संलग्न है। अत: पारमार्थिक रहें।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
दोस्तों को खोना जीवन का एक कठिन हिस्सा है। लेकिन हमेशा याद रखें कि आप असली को कभी न खोएं।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
एक अच्छी तेल लगी मशीन की तरह, हमारे शरीर और दिमाग को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आराम की आवश्यकता होती है। जबकि हम अक्सर अपने शरीर को आराम देते हैं, हम अक्सर अपने सक्रिय दिमाग को समान देखभाल देने की उपेक्षा करते हैं, जिससे मानसिक और शारीरिक थकान होती है।

## संसद के ऊपरी सदन में भगवा खेमे की बढ़ी ताकत... अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से निर्विरोध निर्वाचित

# राज्यसभा में राजग ने छुआ बहुमत का आंकड़ा, भाजपा को मिली 9 सीटें

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा की 12 सीटों के लिए उपचुनाव में भाजपा के 9 और उसके सहयोगी दलों के दो सदस्य मंगलवार को निर्विरोध चुन लिए गए। इसके अलावा कांग्रेस को एक सीट निर्विरोध मिली है। पार्टी के नेता अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। राज्यसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित हो गए।

इसके साथ ही केंद्र में सत्तारूढ़ राजग ने संसद के ऊपरी सदन में बहुमत का आंकड़ा छू लिया है। अब राजग के इस सदन में 112 सांसद हो जाएंगे। राज्यसभा में अब भाजपा सांसदों की संख्या 87 से बढ़कर 96 हो गई है। राज्य सभा उप चुनावों में निर्विरोध चुने जाने वाले सदस्यों में राजग के सहयोगी दल राकांपा(अजित पवार)के निितिन पाटिल और राष्ट्रीय लोक मंच के उपेंद्र कुशवाहा शामिल हैं। राज्यसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन को छह मनोनीत और एक स्वतंत्र सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है। इस तरह राजग को कुल 119 सांसदों का समर्थन हासिल हो जाएगा। वहीं,अब उच्च सदन में विपक्ष के सदस्यों की संख्या 85 हो गई है।



### ये हुए निर्विरोध निर्वाचित

भाजपा के जो उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं, उनमें असम से रामेश्वर तेली और मिशन रंजन दास, बिहार से मनन कुमार मिश्रा, हरियाणा से किरण चौधरी, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धिर्य शील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता, राजस्थान से रवनीत सिंह बिट्टू और त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्जी हैं। इनके अलावा सहयोगी दलों से महाराष्ट्र से एनसीपी के अजित पवार गुट के नितिन पाटिल और बिहार से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भी राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी भी तेलंगाना से निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।



### किसको कितनी सीटें?

- भाजपा 9
- राकांपा (अजित पवार)1
- राष्ट्रीय लोक मंच 1
- कांग्रेस 1

### फिलहाल राज्यसभा में 8 सीटें हैं खाली

राज्यसभा में कुल 245 सीटें हैं। फिलहाल आठ सीटें खाली हैं। इनमें से चार सीटें जम्मू-कश्मीर से हैं जबकि चार सीटें नामांकन कोटे की हैं। इस लिहाज से मौजूदा समय में उच्च सदन में सदस्यों की कुल संख्या 237 है जबकि बहुमत का आंकड़ा 119 है।

---

### बीआरएस नेता के. कविता को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति घोटाला से जुड़े ईडी और सीबीआई केस में बीआरएस नेता के. कविता को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दोनों केस में 10-10 लाख रुपए का जमानत बांड भरने, गवाहों से छेड़छाड़ न करने और गवाहों को प्रभावित न करने का निर्देश दिया। ईडी ने 46 वर्षीय के. कविता को इसी साल 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। इसके करीब एक महीने बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

### कांग्रेस 31 अगस्त को निकालेगी विरोध मार्च

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ लोकायुक्त और एसआईटी की जांच पूरी हो गई है। इस मामले में अभियोजन के लिए जांच एजेंसियों ने पत्र लिखा है। लेकिन इस पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत की तरफ से मंजूरी नहीं मिली है।इसके विरोध में हम 31 अगस्त को विधान सौद में गांधी प्रतिमा से राजभवन तक राजभवन चलो मार्च निकालेंगे। शिवकुमार ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में हमने राज्यपाल को सलाह दी कि हमारी जानकारी के अनुसार, चार आपराधिक मामले हैं, जिनकी जांच लोकायुक्त और एसआईटी समेत कई विभागों की तरफ से की गई है, जिसमें कुमारस्वामी और कर्नाटक सरकार के तीन अन्य पूर्व मंत्री शामिल हैं।

## जम्मू कश्मीर: चुनाव घोषणा के बाद तेजी से चढ़ रहा है सियासी पारा

# तय हो रहे हैं मुकाबले...भाजपा ने 29 NC ने 32 और उम्मीदवार किए घोषित

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही सियासी पारा चढ़ने लगा है। इस केंद्र शासित प्रदेश में सत्ता की दावेदार पार्टियां अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर रही हैं।

भाजपा जहां राज्य में अपने बूते पर चुनाव लड़ रही है, वहीं कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस आपसी गठबंधन के के साथ चुनाव मैदान में उतर रही हैं। भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को 29 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। इसमें दूसरे और तीसरे चरण में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मंगलवार को 32 प्रत्याशी घोषित किए।

इससे पहले भाजपा ने सोमवार को पहले चरण के लिए 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। पार्टी अब तक 45 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। ज्ञात रहे कि पार्टी ने सोमवार को पहले 44 प्रत्याशियों की सूची जारी थी। लेकिन पार्टी के भीतर ही विरोध के सुर मुखरित होने पर इसे रद्द कर 15 प्रत्याशियों की संशोधित सूची जारी की गई। बाद में एक और सूची जारी कर एक और प्रत्याशी का नाम घोषित किया था। राज्य में विधानसभा चुनाव 3 चरणों में होंगे। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर की 16 और जम्मू क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों के लिए 18 सितंबर को मतदान होगा।



### गांदरबल से चुनाव लड़ेंगे उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 32 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इससे पहले सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 18 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांदरबल और तनवीर सादिक जदीबल से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व में उमर अब्दुल्ला ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया था। अब उन्होंने अपने पहले के बयान से पलटी मारते हुए चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उमर अब्दुल्ला ने पहले कहा था कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद ही चुनाव लड़ेंगे। हाल ही में उनके पिता फारूक अब्दुल्ला ने भी उनकी उम्मीदवारी पर संशय जाहिर किया था। उमर अब्दुल्ला ने हाल में हुआ लोकसभा चुनाव बारामूला सीट से लड़ा था, मगर जेल में बंद राशिद शेख से हार गए थे।

ज्ञात रहे कि इस बार नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस मिलकर राज्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सीटों के बंटवारे के तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस को 51 और कांग्रेस को 32 सीटें मिली हैं। दोनों दलों ने गठबंधन में शामिल माकपा और जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी को एक-एक सीट दी गई है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस का गढ़ रहा है गांदरबल



उमर अब्दुल्ला की सीट गांदरबल नेशनल कॉन्फ्रेंस का मजबूत गढ़ माना जाता है। इस निर्वाचन क्षेत्र से अब्दुल्ला परिवार की तीन पीढ़ियां निर्वाचित हुई हैं। 1977 में नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला, 1983, 1987 और 1996 में उनके बेटे फारूक अब्दुल्ला तथा 2008 में उमर अब्दुल्ला निर्वाचित हुए थे। 2014 में नेशनल कॉन्फ्रेंस के टिकट पर शेख इश्फाक जब्बार ने गांदरबल से जीत हासिल की थी। इससे पहले वे कांग्रेस के टिकट पर दो से अधिक चुनाव लड़ चुके थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### विस्थापित मतदाताओं के लिए हेल्प डेस्क

राहत और पुनर्वास विभाग ने देश भर में रहने वाले विस्थापित कश्मीरी समुदाय के योग्य मतदाताओं की मदद करने के लिए एक हेल्पडेस्क बनाई है। इस पहल का उद्देश्य विशेष या संबंधित मतदान केंद्रों पर और डाक पत्रों के माध्यम से वोटिंग सही ढंग से हो सके। इसके अलावा चुनाव आयोग ने जम्मू, उधमपुर और दिल्ली में विस्थापित मतदाताओं के लिए 24 विशेष मतदान केंद्र और एक डाक मतपत्र योजना की शुरुआत की है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए राहत एवं पुर्नवास आयुक्त करवानी ने बताया कि हमनें कई क्षेत्रों में एक हेल्पडेस्क बनाया है। यह उन कश्मीरियों की मदद के लिए है, जो अपनी जमीन से दूर हैं। इस पहल का फायदा यह होगा की सभी कश्मीरी अपने नेताओं को चुन पाएंगें और इससे वोटिंग प्रतिशत में भी फायदा होगा। अधिकारी ने बताया कि हेल्पडेस्क शुरू कर दी गई है यह 18 सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सुविधाओं में सुधार के लिए अपना योगदान दे रही है।

### सूची में कई दिग्गज नेताओं के नाम

भाजपा ने नगरोटा सीट से देविंदर सिंह राणा , गुलाबगढ़ (एसटी)सीट से मोहम्मद अकरम चौधरी, हब्बाकदल से अशोक भट्ट और बिलावर सीट से सतीश शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी ने सोमवार को जारी सूची में एक बदलाव किया है। उसने श्री माता वैष्णो देवी सीट से रोहित दुबे के स्थान पर बलदेव राज शर्मा को मैदान में उतारा है। बाकी प्रत्याशियों में कोई बदलाव नहीं है। भाजपा की तीसरी सूची में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 10 उम्मीदवारों और तीसरे चरण के लिए 19 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। भाजपा ने अभी तक नौशेरा सीट के लिए उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है जिसका प्रतिनिधित्व 2014 में उसके मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने किया था। उसने गांधीनगर से भी कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जहां से पिछले चुनाव में उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता निर्वाचित हुए थे।

### कांग्रेस के नौ उम्मीदवार घोषित

कांग्रेस ने सोमवार को अपने नौ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी महासचिव गुलाम अहमद मीर को डोरू से और प्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख विकार रसूल वानी को बनिहाल से मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस ने यह सूची सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ सीट बंटवारे पर समझौता होने के बाद जारी की है।

### जमात-ए-इस्लामी के कई पूर्व सदस्य लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव,नामांकन दाखिल

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर के कई पूर्व सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के लिए होने वाले चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए मंगलवार को बतौर निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल किए। कारागार में बंद अलगाववादी कार्यकर्ता सर्जन बरकती की ओर से उसकी बेटी सुगरा बरकती ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जमात ने 1987 के बाद से चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने की वजह से जमात चुनाव नहीं लड़ सकता लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान उसने प्रतिबंध हटाए जाने पर चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने की इच्छा जताई थी। जमात ने 1987 के बाद से चुनाव में हिस्सा नहीं लिया है और वह अलगाववादी संगठनों के मंच हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का हिस्सा है जिसने 1993 से 2003 तक चुनावों का बहिष्कार करने की वकालत की थी।

### महबूबा नहीं, बेटी चुनाव मैदान में



लोकसभा के बाद उमर अब्दुल्ला जहां विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे हैं, तो वहीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव नहीं लड़ रही है। उनकी जगह पर बेटी इल्तिजा मुफ्ती मैदान में उतरी हैं। राज्य में पीडीपी अकेले चुनाव लड़ रही है।


## हिमाचल विधानसभा: किसान आंदोलन को लेकर टिप्पणी पर हंगामा

# कंगना के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

एजेंसी | शिमला

हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा किसानों को लेकर दिए गए बयान पर मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ खूब नारेबाजी की। हंगामे के बीच सदन ने कंगना के बयान को लेकर उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विपक्ष के वॉकआउट की निंदा करते हुए कहा कि वास्तव में उसे प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि कंगना रनौत द्वारा किसानों को लेकर दिए गए बयान पर चर्चा करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि कंगना के बयान से देश के करोड़ों किसानों और बागवानों की भावनाएं आहत हुई हैं और सदन में इस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंगना ने किसानों और बागवानों का अपमान किया है। चौहान ने इस मुद्दे पर कंगना के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पेश किया। उन्होंने कहा कि किसानों को बलात्कारी और आतंकवादी कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी संसदीय कार्यमंत्री के प्रस्ताव का समर्थन किया और कहा कि वास्तव में विपक्ष को इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए थी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी हर्षवर्धन के प्रस्ताव का समर्थन किया और कहा कि विपक्ष को अपने व्यवहार पर मंथन करना चाहिए।



### जयराम ठाकुर ने किया चर्चा का विरोध

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन में कंगना रनौत के बयान पर चर्चा का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खुद सदन में अपना पक्ष नहीं रख सकता, परंपरा के अनुसार उस पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि कंगना का यह बयान उनका निजी मत है और भाजपा विधायक दल पार्टी हाईकमान के मत के साथ है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने व्यवस्था दी कि कंगना रनौत के खिलाफ उनके बयान को लेकर निंदा प्रस्ताव सदन ने पारित कर दिया है। ऐसे में इस पर और चर्चा की जरूरत नहीं है।

## आकाश आनंद को सौंपा कई राज्यों का प्रभार

# मायावती फिर बनीं 5 साल के लिए बसपा अध्यक्ष

एजेंसी | लखनऊ



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती को सर्वसम्मति से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। यह निर्णय बसपा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति और राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों, राज्य पार्टी इकाइयों और देश भर के प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक के दौरान लिया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश मिश्र ने मायावती को अगले 5 साल के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद को कई राज्यों की जिम्मेदारी सौंपे जाने का निर्णय भी लिया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली समेत चुनावी राज्य हरियाणा का नाम शामिल है। आकाश चुनावी राज्यों में प्रचार की कमान संभालेंगे और संगठन को मजबूती देने की दिशा में काम करेंगे।

---

## हरियाणा की चुनावी चिट्ठी

# JJP व ASP में गठबंधन... जाट-दलित मतों के लिए बढ़ेगी जोर आजमाइश

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही सियासी बवंडर में घिरी जननायक जनता पार्टी(जजपा) ने चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। चुनावों की घोषणा के बाद से जजपा के 10 में से छह विधायक एक एक कर पार्टी का साथ छोड़ गए। पार्टी ने अब दलित मतों को अपने से जोड़ने के लिए चंद्रशेखर आजाद से हाथ मिलाया है। दलित मतदाताओं पर प्रभाव रखने वाली एक अन्य पार्टी बसपा पहले ही इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन कर चुकी है। सूत्रों के अनुसार जननायक जनता पार्टी का जनाधार को केंद्र हरियाणा के प्रभावशाली जाट मतदाता हैं। अब देखना है कि क्या यहां जाट-दलित मतदाताओं के बीच नया समीकरण बनेगा। वैसे कांग्रेस के जनाधार में भी अनुसूचित जाति व जाट मतदाता बहुत अहम हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावनाओं पर विराम लगने के बाद दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने का निश्चय किया है। दोनों पार्टियों में

टिकटों को लेकर बटंवारा भी हो गया है। जजपा 70 और एएसपी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और एएसपी के प्रमुख व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मंगलवार को नई दिल्ली में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यह गठबंधन हरियाणा को मजबूती से आगे लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों मिलकर गरीब, किसान, कमेरे वर्ग की लड़ाई को लड़ेंगे और देवीलाल व कांशीराम के सपनों को साकार करेंगे।



### हम 36 के...बनाएंगे युवा सरकार: चौटाला

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि दोनों संगठन मिलकर 90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। यह गठबंधन 36 बिरादरी को एक साथ लेकर हरियाणा में युवा सरकार बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे और चंद्रशेखर आजाद 36 वर्ष के हैं और अगले 40-50 साल तक हरियाणा के लिए काम करेंगे।

### अब दोबारा भाजपा के साथ नहीं

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा की जनता भाजपा को उखाड़ फेंकना चाहती है। जजपा ने भी स्पष्ट कर दिया कि वे भाजपा के साथ दोबारा नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि जजपा ने हरियाणा को स्थिर सरकार देने के लिए गठबंधन सरकार बनाने का निर्णय लिया था। जजपा ने कभी भी किसान आंदोलन का विरोध नहीं किया। न ही जजपा कृषि कानूनों के समर्थन में थी, बल्कि जजपा कार्यकर्ता ने तो आंदोलनकारियों का सहयोग किया।

### एक और एक 11 की ताकत: चंद्रशेखर

एएसपी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जजपा और एएसपी का गठबंधन एक और एक ग्यारह की ताकत है। किसान-कमेरे की आवाज मजबूत करने वाले हम सब एकजुट होंगे और नई शक्तियां भी हमारे साथ जुड़ेगी, ताकि हम इस लड़ाई को तेजी से आगे बढ़ा सके। भाजपा से हमारी लड़ाई जारी रहेगी। चंद्रशेखर ने कहा कि दिल्ली में संत रविदास का मंदिर टूटने के बाद दुष्यंत चौटाला ने कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ में मंदिर बनवाने पर काम किया है। हमारे दोनों की विचारधारा एक जैसी है।

### सावित्री जिंदल की हिसार से दावेदारी

देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल के हिसार विधानसभा सीट चुनाव लड़ने के कयास शुरू हो गए हैं। सावित्री जिंदल 2005 और 2009 में कांग्रेस सरकार के दौरान मंत्री भी रह चुकी हैं। लेकिन इसी साल मार्च में सावित्री जिंदल और उनके बेटे नवीन जिंदल ने भाजपा का दामन थाम लिया था। नवीन जिंदल अब कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं। वह आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता को हराकर लोकसभा पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है कि सावित्री जिंदल ने दावेदारी हाईकमान के सामने पेश कर दी है।

## जरूरी खबर

### हैदराबाद: भूलक्ष्मी मंदिर में मूर्ति को किया खंडित

**हैदराबाद**। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद स्थित भूलक्ष्मी मंदिर में कुछ अज्ञात लोगों ने मूर्ति को खंडित कर दिया। घटना सोमवार की रात की है। पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। घटना संतोष नगर थाना क्षेत्र की है। उधर, घटना के विरोध में भारी भीड़ मंदिर में जुटी। लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की। मामले की सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा। स्थानीय पार्षद पर आरोप लगे हैं। साउथ ईस्ट डीसीपी कांति लाल पाटिल ने कहा कि घटना सोमवार की रात 11:30 से 12 बजे के बीच की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। इनमें से एक व्यक्ति मुख्य रूप से जिम्मेदार है। प्रारंभिक जांच में दो लोगों के नाम सामने आए हैं। डीसीपी ने कहा कि घटना में शामिल सभी लोगों को पकड़ा जाएगा। फिलहाल हमले के पीछे राजनीतिक मकसद का कोई सबूत नहीं मिला है।

### अभिनेता मोहनलाल का इस्तीफा, पूरी कमेटी भंग



**कोच्चि**। केरल में एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स के कई सदस्यों के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोपों के मद्देनजर संगठन के अध्यक्ष और शीर्ष अभिनेता मोहनलाल सहित सभी पदाधिकारियों ने मंगलवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि मौजूदा प्रशासनिक पैनल ने आरोपों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। बता दें कि ये फैसला हेमा कमिटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद लिया गया था। बयान में कहा गया है कि आम सभा की बैठक बुलाकर दो महीने के अंदर नए प्रशासनिक पैनल का चुनाव किया जाएगा।

### भारतीय पोत पहुंचा श्रीलंका, चीनी पोतों ने भी डाला डेरा

**कोलंबो**। भारतीय नौसेना का एक पोत आईएनएस मुंबई श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा। संयोग से इसी दिन चीनी नौसेना के तीन युद्धपोत भी कोलंबो बंदरगाह पहुंचे। आईएनएस मुंबई 163 मीटर लंबा विध्वंसक पोत है जिस पर 410 सदस्यों का चालक दल सवार है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि यह जहाज श्रीलंका के किसी बंदरगाह पर पहली बार आया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जहाज के आने के बाद इसके कमांडर कैप्टन संदीप कुमार ने पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर रियर एडमिरल चिंताका कुमारसिंघे से मुलाकात की है।

## रोशनी से जगमग लक्ष्मी नारायण मंदिर



*नई दिल्ली। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को रोशनी में नहाया नई दिल्ली स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर।*

### समाज में पुरुष वर्चस्व अब भी कायम: हाई कोर्ट



**मुंबई**। बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट अहम टिप्पणी की। अदालत ने मंगलवार को कहा कि लड़कों को कम उम्र से ही लैंगिक समानता के बारे में शिक्षित और संवेदनशील बनाने की जरूरत है। साथ ही उनकी सोच में भी बदलाव लाना होगा। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने स्वतःसंज्ञान लेते हुए मामले पर सुनवाई करते हुए ये बातें कहीं। कहा गया कि समाज में पुरुष वर्चस्व और पुरुषवाद (स्त्रियों पर श्रेष्ठता की मान्यता) अब भी कायम है। इसलिए लड़कों को छोटी उम्र से ही सही और गलत व्यवहार के बारे में सिखाया जाना चाहिए।

अदालत ने इस मुद्दे का अध्ययन करने और ऐसी घटनाओं से बचने के लिए स्कूलों में पालन किए जाने वाले नियमों पर जोर दिया।

**कोलकाता: महिला डॉक्टर से रेप व हत्या के मामले में उग्र प्रदर्शन**

# नबन्ना मार्च में बवाल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़े

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किया। छात्र राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन को 'नबन्ना अभियान' नाम दिया गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की। इस प्रदर्शन का आह्वान पश्चिम बंगा छात्र समाज ने किया था। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस्तीफा मांग रहे थे। ममता सरकार ने इस मार्च को अवैध बताया था और कहा था कि भाजपा, सरकार के खिलाफ साजिश कर रही है। इस बीच, भाजपा ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में बुधवार सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक पश्चिम बंगाल बंद का आह्वान किया है। जानकारी के मुताबिक नबन्ना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और पत्थरबाजी भी की। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया गया है। सीएम ममता बनर्जी उस वक्त अपने कार्यालय में ही मौजूद थीं, जब प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और पुलिस पर पत्थराव करने लगे। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा की आशंका को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया था। ऐहतियातन पहले ही हावड़ा ब्रिज को सील कर दिया गया था और मुख्यमंत्री आवास समेत कई नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।



### भाजपा ने किया आज बंद रखने का आह्वान

भाजपा ने डॉक्टर से बलात्कार व हत्या के मामले को लेकर 12 घंटे के लिए पश्चिम बंगाल बंद आह्वान किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने नबन्ना रैली के शांतिपूर्ण प्रतिभागियों पर क्रूर और दमनात्मक कार्रवाई की है। उन्होंने धमकी दी कि अगर राज्य सरकार द्वारा क्रूरता नहीं रोकी गई तो पश्चिम बंगाल को ठप कर दिया जाएगा। उन्होंने रैली के दौरान हुई हिंसा के लिए पद्रेश की टीएमसी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य में विरोध प्रदर्शनों को लेकर उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। ये बंद सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। वहीं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध जैसा है, जबकि ममता राज में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

### सीएम ममता बनर्जी व पुलिस आयुक्त की पॉलीग्राफ जांच कराएं: भाजपा


इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नई दिल्ली में कहा कि पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, वह चिंताजनक है। यह संविधान को तार-तार करने जैसा है। उन्होंने मांग की कि वह (बनर्जी) मुख्यमंत्री पद से तुरंत इस्तीफा दें, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। सीबीआई मामले की जांच कर रही है। सच का पता लगाने के लिए सीबीआई को ममता बनर्जी और पुलिस आयुक्त की पॉलीग्राफ जांच करनी चाहिए।'

**PM मोदी ने की पुतिन से फोन पर बात**

## यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन किया और यूक्रेन के साथ संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने यूक्रेन संघर्ष के लिए बातचीत, कूटनीतिक, ईमानदार और व्यावहारिक महत्व पर जोर दिया। पीएम मोदी के हाल के पोलैंड और यूक्रेन दौरे से लौटने के बाद रूसी राष्ट्रपति से बातचीत को काफी अहम माना जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति से बातचीत की जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर दी। इसके एक दिन पहले सोमवार को पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी बात की थी। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने 23 अगस्त को यूक्रेन यात्रा की थी और कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुलाकात के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा की थी। पीएम मोदी ने लिखा कि आज राष्ट्रपति पुतिन से बात की। उनके साथ विशेष और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।



### रूस बोला- पश्चिम की विनाशकारी नीतियों का खुलासा किया

क्रेमलिन की तरफ कहा गया कि पुतिन ने कीव अधिकारियों और उनके पश्चिम मित्र देशों की विनाशकारी नीतियों का खुलासा किया। साथ ही रूस के इस संघर्ष को हल करने के दृष्टिकोण पर भी जोर दिया। हालांकि पुतिन के बयान का विस्तार पूर्वक विवरण नहीं दिया गया। क्रेमलिन के बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी ने राजनीतिक और राजनयिक तरीकों से यूक्रेन संघर्ष के समाधान की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। मामले से परिचित लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के हालिया हमले ने किसी भी संभावित बातचीत पर मॉस्को की स्थिति सख्त कर दी है।

**असम में जनसांख्यिकीय बदलाव पर जताई चिंता**

## मुस्लिमों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे: सरमा

एजेंसी | गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को मुसलमानों को लेकर विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि वह पक्षपात करेंगे। इसके बाद उन्होंने कहा कि 'मियां' मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। सरमा नागांव में 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले को लेकर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपक्षी दलों के कार्य स्थगन प्रस्ताव पर विधानसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित रखा जाता तो अपराध की दर नहीं बढ़ती। सरमा ने कहा कि दशकों से मुस्लिम आबादी में वृद्धि और हिंदुओं के पलायन के कारण राज्य में महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने भविष्य में आपदा की भी आशंका जताई। राज्य विधानसभा सत्र में एक प्रस्ताव पर बोलते हुए, सीएम सरमा ने कहा कि यह वर्तमान में असम के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है और सभी विधायकों को इस पर बहस करनी चाहिए। सीएम सरमा ने कहा, निचले असम के जिलों में जनसांख्यिकी इतनी तेज गति से बदल रही है कि ऐसा लगता है कि यह एक अभूतपूर्व मानव आपदा की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे कई कारक हैं। सीएम सरमा ने कहा कि जहां निचले और मध्य असम के कई इलाकों में हिंदुओं की आबादी में गिरावट आई है। वहीं ऊपरी असम के हिंदू बहुल इलाकों में मुसलमानों की आबादी में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, अगर यह प्रवृत्ति जारी रही तो आने वाले वर्षों में असम आंदोलन जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। यह सुनिश्चित करना इस सदन की जिम्मेदारी है कि ऐसा न हो। सरमा ने मुस्लिम विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।



**शराब घोटाले से जुड़ा मामला**

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंगलवार को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया। अदालत फिलहाल इस बात पर बहस सुन रही है कि क्या केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा केजरीवाल के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। बता दें कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री केजरीवाल को 20 जून को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निचली अदालत ने जमानत दे दी थी। हालांकि, 21 जून को हाई कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ केजरीवाल ने 22 जून को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन 26 जून को सीबीआई ने शराब नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उच्चतम न्यायालय ने 11 जुलाई को ईडी द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी थी।



**बढ़ेगी सेना की ताकत**

# अमेरिका से खरीदी जाएंगी 70,000 अतिरिक्त SIG716 राइफलें

एजेंसी | नई दिल्ली


गोला-बारूद और पिस्तौल निर्माता अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर(SIG SAUER) भारत को अतिरिक्त 73,000 सिग- 716(SIG716) राइफलों की आपूर्ति करेगी। कंपनी ने इसके लिए भारत के साथ एक अहम समझौता किया है। इन राइफलों की आपूर्ति के लिए अमेरिकी कंपनी ने रक्षा मंत्रालय के साथ इस खरीद करार की घोषणा की है। सिग सॉयर के एक बयान में कहा गया है कि डील पूरी होने पर, भारतीय सेना की सेवा में ऐसी 145,400 राइफलें होंगी।

सिग सॉयर के अध्यक्ष और सीईओ रॉन कोहेन ने भारत के साथ हुए समझौते को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयास में भागीदार होने पर गर्व है, और इससे भी अधिक गर्व इस बात पर है कि सिग 716 राइफल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना के साथ रक्षा मंत्रालय के आधुनिकीकरण लक्ष्यों को प्राप्त करती है।



### 2019 में 72,400 राइफलों का मिला था कॉन्ट्रैक्ट

रक्षा मंत्रालय ने सबसे पहले 2019 में सिग सॉयर को 72,400 सिग 716 राइफलों की खरीद का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। सैनिकों द्वारा सफल प्रचालन और अनुमोदन के कारण हमें अतिरिक्त राइफलों के लिए यह कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी ने आगे कहा कि सिग-716 के आरंभिक फील्डिंग के बाद से, हमें प्लेटफ़ॉर्म के प्रदर्शन और विश्वसनीयता पर अभूतपूर्व अंतिम-उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया मिली है। इस दौरान, हमने भारतीय रक्षा मंत्रालय के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत और अधिक ठोस बनाया है और अपने फ्रंटलाइन पैदल सैनिकों को लैस करके उनका निरंतर विश्वास अर्जित करने के लिए सम्मानित महसूस करते हैं।



### यह है इसकी खासियत

सिग 716 एक एआर प्लेटफॉर्म है। इसमें 16-इंच बैरल, M-LOIC हैंडगार्ड और 6-स्थिति वाला टेलिस्कोपिंग स्टॉक है। सिग सॉयर भारतीय सेना और अमेरिका में अपने सभी ग्राहकों के लिए इन राइफलों को डिजाइन करता है और बनाता है।

**देश में 5 दिन तक ठप रहेगी पासपोर्ट सेवा**

## पूर्व निर्धारित अपॉइंटमेंट में भी होगा बदलाव

**नई दिल्ली**। नए पासपोर्ट बनवाने जा रहे लोगों के लिए जरूरी खबर है। अब पासपोर्ट बनवाने के लिए 5 दिन अपॉइंटमेंट नहीं मिलेगा। 29 अगस्त की रात 8 बजे से 2 सितंबर की सुबह तक पूरे देश में पासपोर्ट विभाग का पोर्टल बंद रहेगा। पहले से किए गए आवेदन के बाद अगर आपको 30 अगस्त से 2 सितंबर के बीच अपॉइंटमेंट मिला है तो इसे किसी अन्य तारीख के लिए रीशेड्यूल करना पड़ेगा। ऐसे में न केवल दिल्ली के बल्कि देशभर के आवेदकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में लोग नए आवेदन भी नहीं कर सकेंगे।

पासपोर्ट विभाग के अनुसार तकनीकी कारणों की वजह से पांच दिन पोर्टल पर काम नहीं किया जा सकेगा। इससे न केवल पासपोर्ट सेवा केंद्र, बल्कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, आवेदकों का पुलिस सत्यापन और विदेश मंत्रालय में भी कामकाज प्रभावित होगा। पासपोर्ट विभाग ने काफी समय पहले पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट मिलने आवेदकों को जानकारी भेजी है। पासपोर्ट विभाग का पोर्टल बंद रहने की वजह से दिल्ली समेत अन्य राज्यों के आवेदकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

## सजा मां राणी सती का दरबार: लोगों ने छतों से फूल बरसाए, यात्रा का भव्य स्वागत

# सवा लाख लड्डुओं से सजाई विशेष झांकी 1300 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

बेधड़क.जयपुर। जयपुर की सड़कों पर जब 1300 से अधिक महिलाओं ने यात्रा निकाली तो छोटी काशी भक्तिमय हो उठी। लोगों ने छतों से फूल बरसाए और हाथ जोड़कर यात्रा का स्वागत किया। फिर दिल भर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। नजारा था दादी सेविका अरुणा दीदी के सानिध्य में नारायणी दादी सेवा संघ के 12वां वार्षिकोत्सव का, जो सीकर रोड स्थित रामेश्वरम गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम में वीकेआई रोड नंबर 5 स्थित श्रीश्याम मंदिर से 1300 से अधिक महिलाओं ने दादी मां का गुणगान करते हुए कलश यात्रा निकाली, जो आयोजन स्थल रामेश्वरम गार्डन में पहुंची। यात्रा में हाथी-घोड़े और लाव-लश्कर शामिल थे। इस दौरान विंटेज कार, राजशाही रथ यात्रा के हिस्सा थे।







### नव दुर्गा की झांकी का सजीव चित्रण

संघ की संस्थापिका अरुणा दीदी ने बताया, कि सीकर रोड स्थित रामेश्वरम गार्डन में 12वें वार्षिकोत्सव में 9 दुर्गा के स्वरूप झांकी के रूप में प्रदर्शित किए गए। अखण्ड ज्योत के अलावा महाकीर्तन, छप्पन भोग और महाभंडारा आयोजित किया। वहीं विभिन्न गायकों द्वारा दादी मां का गुणगान किया गया, जिससे देखभर से आए दादी भक्त भाव विभोर हो गए। उन्होंने बताया, कि पिछले वर्ष संघ ने पौधा यात्रा निकाली थी, जिसमें पौधों के साथ 1300 से अधिक महिलाएं शामिल हुई थीं। इस बार कलश यात्रा में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा कोलकाता, पटना समेत देश के कई भागों से महिलाएं और भक्तगण वार्षिकोत्सव में शिरकत किया। वार्षिकोत्सव में संख्या में साधु-संत शामिल होकर आशीर्वाद दिया।

### झुंझुनूं में है राणी सती धाम

दादी सेविका अरुणा दीदी ने बताया, कि झुंझुनूं जिले में स्थित राणी सती जिन्हें भक्त दादी मां के नाम से जानते हैं। दादी मां को कलियुग की दुर्गा के रूप में पूजा जाता है। इन्हीं दादी मां की सेवा में नारायणी दादी सेवा संघ 12 वर्षों से संचालित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ संघ ने देहदान, नेत्रदान, रक्तदान, विद्यादान और अन्नदान का संकल्प लिया है। संघ ने 13000 पीपल के वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है, जिसमें से अब तक 7000 पीपल के वृक्ष लगा चुके हैं।

## तरुछाया में नंदोत्सव की धूम






बेधड़क. जयपुर। वेस्टवे हाईट स्थित तरुछाया रेजीडेंसी में मंगलवार को नन्दोत्सव मनाया गया। कृष्ण और राधा की सजीव झांकी विशेष आकर्षण रही। महिलाओं ने कान्हा की बाल लीलाओं से जुड़े भजनों की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। किरण, मीना, सम्पत, माधवी, प्रीति, शकुंतला ने बधाइयां बांटी तथा उछाल लुटाई। आयोजक एन. एल. गुप्ता तथा प्रबंधकीय टीम के एम. पी.गुप्ता, ललित कंन्दोई, डी. एस. शर्मा, डॉ. कमलेश शर्मा, आर. पी. अग्रवाल, नवनीत जिंगर आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।

### 100 से ज्यादा सदस्यों ने की पूजा

बेधड़क. जयपुर। जैन सोशल ग्रुप महानगर की ओर से प्रभु भक्ति धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पदमपुरा अतिशय क्षेत्र में किया गया। संजय छाबडा और सुनील गंगवाल ने बताया, कि महानगर ग्रुप हर वर्ष ये कार्यक्रम करता है। 25 साल में पहली बार धार्मिक कार्यक्रम में 100 से ज्यादा सदस्य पूजा में बैठे और पालकी में श्रीजी को वीराजमान करक जयकारों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही गई भजन गाए गए।

## पुराण वाचन से जीवन की सीख



बेधड़क. जयपुर। संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण के चौथे अधिकार का वाचन किया गया। मुनिश्री ने कहा, कि हम माने या ना माने, चाहे या ना चाहे परिवर्तन संसार का नियम है। समय के साथ बुद्धि, शरीर व आत्म ज्ञान का विकास जरुरी है। यह संसार असार है। जिसने जन्म लिया है उसका मरण निश्चित है। मृत्यु के दिन का किसी को पता नहीं है कि यह कब आ जाए। वह इसे वैराग्य संकेत समझकर उदासीन हो जाता है।

# City इवेंट्स

## जयपुराइट्स को टीम 10 उपलब्ध करा रही बोटल की शेप के डस्टबिन



बेधड़क. जयपुर। जयपुराइट्स अब बोतल की शेप के डस्टबिन का उपयोग भी करेंगे और इससे लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरुकता आएगी। इसकी पहल टीम 10 ने की है। सबसे खास बात है, कि ये डस्टबिन ट्रांसपोर्ट से पूरे भारत में भेजे जा सकते हैं। इसमें रिसाइकल होने वाले प्लास्टिक की बोतल, कांच की बोतल, कोको कोला के कैन, पेपर आदि डाले जा सकते हैं। साथ ही इन बोटल के शेप के डस्टबिन को मोक्ष धाम, स्कूल, कॉलेज, होटल, मंदिर, लीकर की दुकान के बाहर, पार्क, मॉल, बैठक वाली जगह, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, व्यपार मण्डल द्वारा मार्केट में, समुन्द्र किनारे, पार्क आदि जगह पर लगाए जा सकता है। सुशील अग्रवाल ने बताया, कि टीम 10 इनको उधार भी दे रही है। ऐसे में जयपुराइट्स किसी भी धार्मिक आयोजन में इनको साथ ले जा सकते हैं। जिसका कोई किराया नहीं लिया जाएगा। ये डस्टबिन लोके के बने हुए हैं, जो लंबे समय तक टिक सकते हैं। इनको विशेष रूप से बोटल की शेप दी गई है, जो देखने में बहुत आकर्षक हैं और लोगों को इनको उपयोग करने में आसानी होने के साथ रोमांच होता है।

### 30 प्रतिनिधियों को 'समाज रत्न' पुरस्कार

बेधड़क. जयपुर।राजपूत करणी सेना के जनक स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह कालवी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में 'समाज रत्न' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर के 30 जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी, खेल जगत की हस्तियों, मीडिया, उद्योग, कृषि, फ़िल्म जगत और सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक प्रताप सिंह कालवी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि राजस्थान की डिप्टी सीएम - दिया कुमारी; सांसद - राव राजेंद्र सिंह; बिहार के पूर्व सांसद - आनंद मोहन सिंह; राजस्थान के पूर्व नेता प्रतिपक्ष - राजेन्द्र राठौड़; राजस्थान पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा; हवामहल से सांसद, बालमुकुंद आचार्य ने शिरकत की।


## कलाकारों ने पेश की संगीत की बानगी



बेधड़क. जयपुर। आकाशवाणी जयपुर की ओर से देश की आज़ादी को समर्पित स्वाधीनता पर्व संगीत उत्सव आयोजित किया गया। अतिथियों पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खां, पद्मश्री अहमद हुसैन- मोहम्मद हुसैन, पी.आई.बी. जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला, दूरदर्शन केन्द्र जयपुर के कार्यालय प्रमुख सतीश देपाल और आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख नीलेश कुमार कालभोर के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख नीलेश कुमार कालभोर ने स्वागत उद्बोधन में आमंत्रित अतिथियों, कलाकारों, अधिकारियों और आमजन का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य और मंतव्य पर प्रकाश डाला।

## श्रीश्री कृष्ण बलराम मंदिर में विशेष आयोजन

# नंदोत्सव और व्यास पूजा में भक्तों ने दिखाया भक्ति-भाव



बेधड़क | जयपुर

जयपुर जिसे गुप्त वृन्दावन भी कहा जाता है भगवान कृष्ण के आगमन से परिपूर्ण हुआ। इस मौके पर जगतपुरा के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भक्तों ने नंदलाल का स्वागत किया। दूसरे दिन 'नंदोत्सव' मनाया गया। साथ ही व्यास पूजा के अंतर्गत हरे कृष्ण आन्दोलन के संस्थापक आचार्य कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी.भक्तिवेदंत स्वामी प्रभुपाद की 128वीं जयंती मनाई गई। मंदिर अध्यक्ष अमितासना दास ने व्यास पूजा और नंदोत्सव के बारे बताया, कि व्यास पूजा के दिन प्रभुपादजी का विशेष अभिषेक हुआ। देश-विदेश से जुड़े भक्तों ने उनके लिए श्रद्धांजलि पत्र लिखा।

इन सभी पत्रों का संकलन किताबों के अलग-अलग वाल्यूम के रूप दिया गया और हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर में राजस्थान के वाल्यूम का व्यास पूजा के दिन अनावरण किया गया। हजारों भक्त उनके लिए स्वयं भोग बनाकर लाए और उन्हें अर्पित करते हुए जयकारे लगाए।

इस मौके पर भगवान का विशेष अभिषेक किया गया तो मिष्ठान सजाए गए जिनका प्रसाद भक्तों को बांटा गया। इस मौके पर जयपुर के साथ अन्य शहरों से लोग दर्शन और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आए। भगवान के स्वागत के लिए पूरे परिसर को फूलों से सजाया गया और सुंदर डेकोरेशन ने सभी को आकर्षित किया।

## भू-गर्भ से अवतरित प्रभु का नवम् प्रादुर्भाव दिवस मनाया

# भगवान आदिनाथ के पंचामृत अभिषेक में शामिल हुए श्रेष्ठीजन



बेधड़क | जयपुर


जयपुर के खो नागोरियान स्थित श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर शांतिनाथजी की खोह में 2015 में भूगर्भ से अवतरित अतिशय कारी भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का नवम् प्रादुर्भाव दिवस मनाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया, कि इस मौके पर दो दिवसीय आयोजन किया गया। पहले दिन भगवान की महाआरती व 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान हुआ। दूसरे दिन सुबह मंत्रोच्चार से भगवान के जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक और शांतिधारा की गई। सौधर्म इन्द्र कमल मंजू वैद के नेतृत्व में भगवान आदिनाथ पूजा विधान का आयोजन हुआ। इस मौके पर मण्डल पर मंत्रोच्चार करते हुए इन्द्र-इन्द्राणियों द्वारा अष्ट द्रव्य के अर्घ्य चढ़ाए गए। भक्ति संगीत पर विनोद-दीपिका जैन, भागचन्द-रेखा पाटनी, संजय-मीनू छाबड़ा, प्रमिला पाटनी सहित मनोज सोगानी, रवि जैन श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किए। अंत में महाअर्घ के बाद महाआरती की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रेष्ठीजन शामिल हुए और जयकारों के बीच कार्यक्रम को सफल बनाया। भक्तों ने पूजा में पहनी जाने वाली ड्रेस धारण कर पूरी तरह से भक्ति जगाई और लोगों को भी श्रृद्दा से भक्ति व पूजा-अर्चना करने का संदेश दिया।

**मनोरंजन** | जयपुर में आज से होगा फिल्मों का महाकुंभ और दिखाई जाएंगी 21 देशों की 55 फिल्में

# चिल्ड्रन्स फिल्म फेस्टिवल में आज से जुटेंगे विशेषज्ञ

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में बुधवार से शुक्रवार तक वैश्विक बाल सिनेमा की अठखेलियों का नजारा देखने को मिलेगा। मौका होगा 7वें आर्यन इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स फिल्म फेस्ट ऑफ जयपुर और सिक्सटीन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स का। जयपुर के 8 स्कूल्स रावत पब्लिक स्कूल प्रतापनगर, महाश्वेरी पब्लिक स्कूल प्रतापनगर, डॉल्फिंस हाई स्कूल प्रतापनगर, महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल महल योजना, रायन इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर, सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग, स्नेह पब्लिक स्कूल मुहाना और कलर्स इंटरनेशनल स्कूल नारायण विहार में निःशुल्क आयोजन होंगे। इस बार सिनेमा ऑन व्हील्स पर ट्रैवलिंग सिनेमा से बच्चे विश्व सिनेमा देखेंगे और सिनेमा हॉल की ही तरह मूवी देखने का आनंद लेंगे। ये सिनेमा खुद चलकर पहुंचेगा। ओपनिंग सेरेमनी बुधवार सुबह 11 बजे निर्मला ऑडिटोरियम में होगी। इस दौरान विजेता फिल्मकारों को अवार्ड दिए जाएंगे। ओपनिंग में देश-विदेश से फिल्मकार भाग लेने जयपुर आए हैं।







### देश-विदेश की फिल्में होंगी खास

पहले दिन अलग-अलग विषयों पर आधारित 22 फिल्में भारत, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, आयरलैंड, कोरिया दक्षिण, अमेरिका, चीन, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, नॉर्वे और फ्रांस की दिखाई जाएगी। भारत से दाल रोटी, अमेरिका से पिंक बेल्ट और पकिस्तान से नायाब प्रमुख हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 28 अगस्त, 2024





जीवन में कठोरता कई स्थितियों में सही होती है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग का बड़ा खुलासा- बाइडेन सरकार पर आरोप

# कोरोना से जुड़े पोस्ट को सेंसर करने का बाइडेन प्रशासन ने बनाया था दबाव



**एजेंसी** | वाशिंगटन

मेटा चीफ मार्क जुकरबर्ग ने आरोप लगाया है कि जो बाइडेन-कमला हैरिस प्रशासन ने कोविड से संबंधित पोस्ट को सेंसर करने (हटाने) के लिए उनकी कंपनी पर बार-बार दबाव डाला। मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने बाइडेन प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया है कि बाइडेन-कमला हैरिस प्रशासन ने मेटा की टीमों पर कोविड से संबंधित पोस्ट को सेंसर करने के लिए बार-बार दबाव डाला था। जुकरबर्ग ने आगे कहा कि उन्हें इस बारे में अधिक मुखर नहीं होने का अफसोस है। उन्होंने ज्यूडिशियरी कमेटी को लिखी चिट्ठी में ये आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यूं दबाव डालना गलत था। उन्हें अफसोस है कि वह पहले इस मुद्दे पर ज्यादा नहीं बोल पाए। जुकरबर्ग ने चिट्ठी में लिखा कि 2021 में कई महीने तक बाइडेन प्रशासन ने उन पर दबाव डाला। यहां तक कि वे कोविड-19 से जुड़े मीम तक को हटाना चाहते थे। जब हम इस पर सहमत नहीं हुए तो उन्होंने इसे लेकर अपनी निराशा भी जताई।




### करप्शन की रिपोर्ट फेसबुक पर डिमोट

इसी चिट्ठी में जुकरबर्ग ने आरोप लगाया कि एफबीआई ने 2020 के चुनाव से पहले उन्हें चेतावनी दी थी। मेटा चीफ ने कहा कि न्यूयॉर्क पोस्ट ने बाइडेन फैमिली के करप्शन से जुड़े मामले को लेकर एक रिपोर्ट लिखी थी। एफबीआई ने इसे रूसी दुष्प्रचार बताते हुए इस पर फैक्टचेक का नोटिस लगाने को कहा था। जुकरबर्ग ने कहा कि मेटा ने इस स्टोरी को फेसबुक पर डिमोट कर दिया। इसकी वजह से ये स्टोरी बहुत लोगों तक नहीं पहुंच पाई। जुकरबर्ग ने चिट्ठी में दावा किया कि रिपोर्टिंग रूसी दुष्प्रचार नहीं थी और उसे दबाया नहीं जाना चाहिए था।

### अफसोस पहले नहीं बोल सका

मेटा चीफ ने कहा कि आखिरकार यह हमारा फैसला था कि कंटेंट को हटाना है या नहीं। हमारे फैसलों के लिए हम ही जिम्मेदार हैं। जुकरबर्ग ने चिट्ठी में लिखा कि सरकार का उन पर दबाव बनाना गलत था। उन्हें अफसोस है कि वह पहले इस पर नहीं बोल सके।

### बोले- सरकार के दबाव में नहीं झुकेंगे

जुकरबर्ग ने कहा- "मुझे लगता है कि हमें किसी भी हाल में किसी भी सरकार के दबाव में नहीं झुकना चाहिए। हमें अपने कंटेंट के स्टैंडर्ड्स से समझौता नहीं करना चाहिए। अगर ऐसा कुछ फिर से होता है तो भी हमारा जवाब पहले जैसा ही होगा।"

### हंटर बाइडेन की खबर को एक हफ्ते के लिए किया सेंसर

इससे पहले जुकरबर्ग ने 2022 में एक पॉडकास्ट में माना था कि मेटा ने बाइडेन से जुड़े कंटेट को फेसबुक पर दबा दिया था। उन्होंने कहा था कि फेसबुक ने एल्गोरिदम के जरिए 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के लैपटॉप की खबर को एक हफ्ते के लिए सेंसर कर दिया था। जुकरबर्ग ने कहा था कि उन्होंने इसके लिए FBI ने कहा था।

### रिपब्लिकन पार्टी ने कसा तंज

जुकरबर्ग के आरोपों के बाद रिब्लिकन पार्टी ने बाइडेन प्रशासन पर तंज कसा है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा- मार्क जुकरबर्ग ने तीन बातें मानी हैं: 1- बाइडेन-कमला हैरिस प्रशासन ने अमेरिकियों को सेंसर करने के लिए फेसबुक पर 'दबाव' डाला। 2- फेसबुक ने अमेरिकियों को सेंसर किया। 3- फेसबुक ने हंटर बाइडेन लैपटॉप की कहानी को दबा दिया।' आगे तंज करते हुए लिखा कि यह फ्री स्पीच की बड़ी जीत है।

### अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए एक और तालिबानी फैसला

# खुले में बोलने पर रोक

**एजेंसी** | काबुल

अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं को लेकर नए कानून लागू कर दिए हैं। महिलाओं को सख्त हिदायत देते हुए उनके घर से बाहर बोलने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही उन्हें सार्वजनिक जगहों पर हमेशा अपने शरीर और चेहरे को मोटे कपड़े से ढकने का आदेश दिया गया है।

एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक तालिबान ने इन कानूनों के पीछे की वजह देते हुए कहा है कि महिलाओं की आवाज से भी पुरुषों का मन भटक सकता है। इससे बचने के लिए महिलाओं को सार्वजनिक जगहों पर बोलने से परहेज करना चाहिए। तालिबान के सुप्रीम लीडर मुल्ला हिबातुल्लाह अखुंदजादा ने नए कानूनों को मंजूरी दे दी है। इन कानूनों को हलाल और हराम की दो कैटेगरी में बांटा गया है।



### पुरुषों पर भी लगाए गए प्रतिबंध

तालिबान ने इस बार महिलाओं के अलावा पुरुषों पर भी कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। पुरुषों को भी घर से बाहर निकलते समय घुटनों तक अपने शरीर को ढंकना होगा। वहीं, तालिबान ने किसी भी जीवित शख्स की तस्वीर खींचने पर भी पाबंदी लगा दी है। 15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान की सत्ता दूसरी बार तालिबान के हाथ आई। उसी दिन से महिलाओं पर प्रतिबंध बढ़ गए थे। सबसे पहले अलग-अलग सरकारी संस्थानों में काम कर रही महिलाओं से उनकी नौकरियां छीनी गई। फिर उनकी पढ़ाई पर पाबंदियां लगाई गई। अफगानिस्तान में महिलाएं सिर्फ छठी कक्षा तक ही पढ़ाई कर सकती हैं।

### क्या है अफगानिस्तान का शरिया कानून

तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद कहा था कि देश में शरिया कानून लागू होगा। दरअसल, शरिया इस्लाम को मानने वाले लोगों के लिए एक लीगल सिस्टम की तरह है। कई इस्लामी देशों में इसका इस्तेमाल होता है। हालांकि, पाकिस्तान समेत ज्यादातर इस्लामी देशों में यह पूरी तरह लागू नहीं है। इसमें रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर कई तरह के बड़े मसलों पर कानून हैं। शरिया में पारिवारिक, वित्त और व्यवसाय से जुड़े कानून शामिल हैं। शराब पीना, नशीली दवाओं का इस्तेमाल करना या तस्करी, शरिया कानून के तहत बड़े अपराधों में से एक है।

### रूसी हमलों से रातभर दहला यूक्रेन

# जेलेंस्की ने कहा- रूस में फिर घुसेंगे

**एजेंसी** | कीव

रूस-यूक्रेन के बीच जंग लगातार खतरनाक होती जा रही है। रूस ने सोमवार-मंगलवार की रात मिसाइल और ड्रोन से यूक्रेन को निशाना बनाया। हमले के दौरान बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रात को पांच बार हवाई हमलों का अलर्ट जारी हुआ। रूसी हमले में दो लोग मारे गए। और बाहरी इलाके में गोलीबारी शुरू हो गई। एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया था। तिलमिलाए जेलेंस्की ने सहयोगी देशों से लंबी दूरी के हथियारों की मांग की है। कहा- वे अब रूस के अंदर फिर हमला करने को आतुर हैं।



### एक शहर पर पांच बार हवाई हमला

यूक्रेन के दक्षिणी खनन एवं औद्योगिक शहर क्रिवी रिहस्ट्रक के प्रमुख सैन्य शासन प्रशासक अलेक्संद्र विलकुल के मुताबिक रिहायशी इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा सोमवार को किए गए हमले के बाद कीव क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई और रात को कम से कम पांच बार हवाई हमले का अलर्ट जारी किया गया। क्षेत्रीय प्रशासक ने बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने रूस द्वारा ड्रोन और मिसाइल से किए गए सभी हमलों को नाकाम कर दिया लेकिन मलबे से जंगल में आग लग गई।

### जेलेंस्की ने हमले को घृणित बताया

यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को 100 से ज्यादा मिसाइल और इतनी ही संख्या में ड्रोन के हमले को 'घृणित' करार दिया। उन्होंने कहा कि हमलों में नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और देश के ज्यादातर हिस्से को निशाना बनाया गया। प्रधानमंत्री डेनिस श्म्यहाल ने कहा, 'एक बार फिर रूसी आतंकियों द्वारा ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाया गया है।'




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl